वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2010-2011

विश्वसनीय.
मैत्रीपूर्ण
Faithful.
Friendly

सिंडिकेटबैंक
SyndicateBank

भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

सिंडिकेटबैंक
SyndicateBank
विश्वसनीय, मैत्रीपूर्ण
Faithful, Friendly
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

प्रधान कार्यालय: मणिपाल – 576 104
Head Office: Manipal – 576 104

विषय सूची CONTENTS

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2010 – 2011

	पृष्ठ Page
• अध्यक्ष का वक्तव्य Chairman's Statement	3
• सूचना Notice	10
• निदेशकों की रिपोर्ट Directors' Report	16
• नैगम अभिशासन पर रिपोर्ट Report on Corporate Governance	60
• बासेल – II प्रकटीकरण – मार्च 2011 Basel II Disclosures – March 2011	96
• लेखा–परीक्षकों का प्रतिवेदन Auditors' Report	106
• तुलन–पत्र Balance Sheet	108
• लाभ व हानि लेखा P & L Account	109
• लेखों की अनुसूचियाँ Schedules to Accounts	110
• महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ Significant Accounting Policies	116
• लेखा संबंधी टिप्पणियाँ Notes on Accounts	121
• नकदी प्रवाह विवरण Cash Flow Statement	135
• समेकित तुलन–पत्र Consolidated Balance Sheet	137
• सिंडबैंक सर्विसेज लिमिटेड SyndBank Services Limited	168
• ईसीएस संबंधी परिपत्र Circular regarding ECS	184
• प्रॉक्सी फार्म Proxy Form	187
• फार्म 2बी Form 2B	189
• उपस्थिति पर्ची Attendance Slip	191
• नैगम अभिशासन में पर्यावरण संरक्षण : बिना कागज के Green Initiative in Corporate Governance: Go Paperless	194
• लाभांश अधिदेश पत्र Dividend Mandate Form	195
• शिकायत पंजीकरण फार्म Grievance Registration Form	197
• ई.सी.एस. केन्द्रों की सूची List of E.C.S. Centres	198

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS

बसंत सेठ *अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक*	**Basant Seth** *Chairman & Managing Director*
वी के नागर, *कार्यपालक निदेशक*	**V K Nagar,** *Executive Director*
रवि चटर्जी, *कार्यपालक निदेशक*	**Ravi Chatterjee,** *Executive Director*
एच प्रदीप राव, *निदेशक*	**H Pradeep Rao,** *Director*
ए एस राव, *निदेशक*	**A S Rao,** *Director*
नरेन्द्र एल दवे, *निदेशक*	**Narendra L Dave,** *Director*
दिनकर एस पूंजा, *निदेशक*	**Dinkar S Punja,** *Director*
रमेश एल अडिगे, *निदेशक*	**Ramesh L Adige,** *Director*
एम् भास्कर राव, *निदेशक*	**M Bhaskara Rao,** *Director*
एआर नागप्पन, *निदेशक*	**AR Nagappan,** *Director*
भूपिन्दर सिंह सूरी, *निदेशक*	**Bhupinder Singh Suri,** *Director*

लेखा–परीक्षक	Auditors
मेसर्स एन सी मित्रा एण्ड कंपनी	M/s N C Mitra & Co.
मेसर्स प्रकाश चंद्र जैन एण्ड कंपनी	M/s Prakash Chandra Jain & Co.
मेसर्स जैन एण्ड एसोसिएट्स	M/s Jain & Associates
मेसर्स एस सोनी एसोसिएट्स	M/s S Sonny Associates
मेसर्स आर. वेन्दर गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स	M/s R. Vender Gupta & Associates
मेसर्स ठाकुर, वैद्यनाथ अय्यर एण्ड कंपनी	M/s Thakur, Vaidyanath Aiyar & Co

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट **मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर (प्रा) लिमिटेड** **यूनिट: सिंडिकेटबैंक** **प्लॉट सं.17 से 24** **विट्ठलराव नगर, माधापुर** **हैदराबाद – 500 081** **दूरभाष: 04044655000 विस्तार: 116 या 040 44655116 (सीधा)** **फैक्स: 040 23420814**	Registrars & Share Transfer Agents M/s Karvy Computershare (P) Ltd. Unit: SyndicateBank Plot No. 17 to 24 Vithalrao Nagar, Madhapur Hyderabad – 500 081 Ph.: 040 44655000-Extn: 116 or 040 44655116 (D) Fax: 040 23420814

अध्यक्ष का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

आपके बैंक की इस बारहवीं वार्षिक आम बैठक में निदेशक मंडल की ओर से आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

राजकोषीय वर्ष 2010-11 के दौरान आपके बैंक के निष्पादन की विशिष्टताओं को प्रस्तुत करने से पहले मैं संक्षेप में आपके समक्ष इस वर्ष वैश्विक एवं देशी व्यापक आर्थिक परिदृश्य को प्रस्तुत करना चाहता हूँ क्योंकि इनका बैंक के निष्पादन पर जबर्दस्त असर पड़ता है।

विश्व की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में आई गिरावट के कारण इस वर्ष का वित्तीय वातावरण अत्यंत कठिनाई भरा रहा है। कई विकसित देशों के आधिपत्यवाले ऋणों में आई हलचल के कारण अर्थव्यवस्थाएं काफी सुस्त रही हैं। विश्व के विकास के मार्ग में व्याप्त अनिश्चितताओं से दीर्घावधिवाले निवेशों में बाधा पड़ी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आइ एम एफ) द्वारा प्रकाशित आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2010 में विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 5.00 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और अनुमान है कि वर्ष 2011 में इसमें 4.4 प्रतिशत की कम दर से वृद्धि होगी।

उपर्युक्त के विपरीत, तुलनात्मक दृष्टि से उभरती हुई एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का निष्पादन बेहतर रहा है, जिसमें वर्ष 2010 के दौरान 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । फिर भी, अंतिम उत्पादन अंतराल तथा उच्च पूंजी के आगमन के कारण इन अर्थव्यवस्थाओं को बड़ा झटका लगा है। इन अर्थव्यवस्थाओं को उच्च पूंजी आगमन एवं अंतिम पूंजी अंतराल रूपी गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। इन अर्थव्यवस्थाओं में बाह्य बेशी बड़ी मात्रा में हैं, इन्हें एक तरफ मुद्रा स्फीति के दबावों के कारण विनिमय दर अधिमूल्यन को संभालने में समस्या आ रही है, वहीं दूसरी तरफ, ऋण की धीमी माँग को उठाने की भी समस्या है।

भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति के उच्च पथ पर अग्रसर है। इसने वर्ष 2010-11 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, इसका कारण आर्थिक गतिविधियों में तेजी तथा कृषि और अनुषंगी क्षेत्रों में जबर्दस्त विस्तार है। वर्ष 2010-11 के दौरान कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्रों में क्रमश: 5.4 प्रतिशत, 8.2 प्रतिशत एवं 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वर्ष 2009-10 के दौरान यह वृद्धि क्रमश: 0.4 प्रतिशत, 8.3 प्रतिशत एवं 9.7 प्रतिशत की ही हुई थी। पूरे वर्ष 2010 के दौरान, कड़ी चलनिधि का असर औसत एक दिन के उधार दरों पर बरकरार रहा है, पर, अब धीरे-धीरे मुद्रा बाजार सामान्य पटरी पर आने लगा है। नीति निर्माताओं के लिए मुद्रास्फीति अभी भी बहुत बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमाराशियों में वर्षानुवर्ष की दृष्टि से वर्ष के दौरान (25 मार्च 2011 तक) 15.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो बढ़कर ₹ 52,04,703 करोड़ हो गई है। दूसरी तरफ, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया ऋणों में 21.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 25 मार्च 2011 तक बढ़कर ₹ 39,38,659 करोड़ हो गई है। वर्ष के दौरान (25 मार्च 2011 तक) मुद्रा आपूर्ति में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वर्ष 2009-10 के दौरान 17.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि पिछले राजकोषीय वर्ष में यह वृद्धि 18.7 प्रतिशत की थी।

CHAIRMAN'S STATEMENT

Dear Shareholders,

It is my proud privilege to welcome all of you on behalf of the Board of Directors to this the Twelfth Annual General Meeting of your Bank.

Before I present the highlights of your Bank's performance during the Fiscal Year 2010-11, it would not be out of place to share with you briefly the details of the macro-economic environment–global as well as domestic–that prevailed during the year as this had a strong bearing on the Bank's performance.

The year was marked by a fairly tough financial environment due to slowdown in some of the major economies of the world. The economic activities in many developed counties remained sluggish due to sovereign debt turmoil. The lingering uncertainties around global growth hampered long-term investment prospects. As per the data released by International Monetary Fund (IMF), World GDP grew by 5.0 per cent in 2010 and is projected to grow at a lower rate of 4.4 per cent in 2011.

In contrast, emerging and developing market economies performed comparatively well by registering growth of 7.3 per cent during 2010, but they suffered from the problem of overheating in the face of closing output gap and high capital inflows. As these economies built up large external surpluses, managing exchange rate appreciation was a critical challenge due to the conflicting demands of reining in inflationary pressures, on the one hand and reviving the subdued credit demand, on the other.

India's economy continued on its high growth trajectory, by registering GDP growth at 8.6 per cent in 2010-11, on the back of spurt in economic activities and robust expansion in agriculture and allied sectors. Agriculture, Industry and Services sectors grew by 5.4%, 8.2 per cent and 9.4 percent respectively in 2010-11 as against 0.4%, 8.3 percent and 9.7 per cent recorded in 2009-10. Tight liquidity conditions continued to drive average overnight borrowing rates throughout the year 2010, but of late, the money market is slowly and steadily getting back to normalcy. Inflation continued to remain a major concern for the policy makers.

Aggregate deposits of SCBs grew y-o-y by 15.8 per cent to ₹ 52,04,703 crore during the year (Up to March 25, 2011). On the other hand, outstanding credit of SCBs swelled by 21.4 per cent to ₹ 39,38,659 crore as at March 25, 2011. Money supply grew by 16.0 per cent during the year (Up to March 25, 2011) as against 17.1 per cent registered during 2009-10. Scheduled Commercial Banks' (SCB) investments in government and other approved securities registered a growth of 8.3 per cent as against 18.7 percent in the previous fiscal.

बैंक के निष्पादन की विशिष्टताएँ निम्नलिखित हैं:

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक का वित्तीय निष्पादन

क) वैश्विक कारोबार में 17.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो 2009-10 के ₹ 2,08,476 करोड़ से बढ़कर 2010-11 में ₹ 2,43,946 करोड़ हो गया । वर्ष 2010-11 के दौरान जमाराशियाँ 15.87 प्रतिशत बढ़ी हैं और वे ₹ 1,35,596 करोड़ हो गई हैं जबकि अग्रिमों में 18.48 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है और वे ₹ 1,08,350 करोड़ हो गई हैं ।

ख) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में वर्ष 2010-11 के दौरान 11.92 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो समायोजित निवल बैंक ऋण का 46.22 प्रतिशत बनता है जबकि अनिवार्य आवश्यकता 40 प्रतिशत की ही है । कृषि को दिए गए ऋण में 12.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो समायोजित निवल बैंक का 18.62 प्रतिशत हिस्सा है जबकि अनिवार्य आवश्यकता 18 प्रतिशत की है।

ग) कुल आय में वर्ष 2010-11 के दौरान 10.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो 2009-10 के ₹ 11,214.64 करोड़ से बढ़कर ₹ 12,365.98 करोड़ हो गयी है।

घ) बैंक के परिचालन लाभ में 46.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2010-11 के दौरान बढ़कर ₹ 2,750 करोड़ हो गई है। वर्ष 2009-10 के दौरान यह ₹ 1,873 करोड़ थी। निवल लाभ में वर्ष 2010-11 के दौरान 28.91 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो ₹ 1,048 करोड़ हो गई है जबकि वर्ष 2009-10 के दौरान ₹ 813 करोड़ थी।

ङ) वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने ₹ 902.06 करोड़ की वसूली की है। 2010-11 के अंत में सकल अनर्जक आस्तियाँ ₹ 2,598.97 करोड़ थी जो कुल अग्रिमों का 2.40 प्रतिशत हैं।

च) वर्ष 2010-11 के दौरान निवल अनर्जक आस्तियाँ निवल अग्रिमों का 0.97 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2009-10 के दौरान इनकी प्रतिशतता 1.07 प्रतिशत थी।

छ) वित्तीय वर्ष 2010-11 के अंत में बैंक का ऋण जमा अनुपात 79.91 प्रतिशत था जबकि पिछले वर्ष यह 78.15 प्रतिशत था।

ज) प्रोविजन कवरेज अनुपात 31-03-2010 के 73.31 प्रतिशत की तुलना में सुधरकर 31-03-2011 को 77.18 प्रतिशत हो गया है।

झ) प्रति शेयर बही मूल्य पिछले वर्ष के ₹ 107.80 से बढ़कर इस वर्ष ₹ 122.99 हो गया है।

ञ) बैंक ने बासल II का अनुपालन किया है। ऋण से जोखिम भारित आस्तियों का अनुपात 31-03-2010 के 12.70 प्रतिशत की तुलना में 31-03-2011 को 13.04 प्रतिशत हो गया है।

ट) बैंक के निवल ब्याज आय में पर्याप्त वृद्धि हुई है जो 2009-10 के ₹ 2740 करोड़ से बढ़कर 2010-11 में ₹ 4383 करोड़ हो गई है।

ठ) बैंक की निवल ब्याज मार्जिन (निम) में सुधार हुआ है जो 31-3-2010 के 2.35 प्रतिशत की तुलना में 31-3-2011 को 3.40 प्रतिशत हो गई है।

ड) बैंक के आस्तियों के प्रतिलाभ में सुधार हुआ है जो 2009-10 के 0.62 प्रतिशत से बढ़कर 2010-11 को 0.76 प्रतिशत हो गया है।

ढ) बैंक की निवल मालियत (पुनर्मूल्यन आरक्षित को छोड़कर) 31 मार्च, 2010 के ₹ 5,222.86 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2011 को ₹ 6,656.94 करोड़ हो गई है।

ण) बोर्ड ने 31 मार्च 2010-11 के लिए 37 प्रतिशत लाभांश प्रदान करने की संस्तुति की है।

शाखा जाल

31-3-2011 की स्थिति के अनुसार बैंक के कुल शाखाओं की संख्या 2494 (लंदन शाखा को शामिल करके) है। देशी शाखाओं में से 803 ग्रामीण, 589 अर्धशहरी, 551 शहरी और 550 मेट्रो तथा पोर्ट टाउन शाखाएं हैं।

The financial highlights of the Bank's performance are outlined below:

FINANCIAL PERFORMANCE DURING 2010-11

a. Global Business grew by 17.01 per cent from ₹ 2,08,476 crore in 2009-10 to ₹ 2,43,946 crore in 2010-11. Deposits grew by 15.87 per cent to ₹ 1,35,596 crore whereas advances registered a growth of 18.48 per cent to ₹ 1,08,350 crore during the year 2010-11.

b. Priority Sector Advances registered a growth of 11.92 per cent during 2010-11 and constituted 46.22 per cent of the Adjusted Net Bank Credit against the mandatory requirement of 40 per cent. Credit to Agriculture increased by 12.26 per cent and constituted 18.62 per cent of Adjusted Net Bank Credit (ANBC) as against the mandatory requirement of 18 per cent.

c. Total income rose to ₹ 12,365.98 crore in 2010-11 from ₹ 11,214.64 crore in 2009-10 registering a growth of 10.27 per cent.

d. Operating Profit of the Bank grew by 46.82 per cent to ₹ 2,750 crore in 2010-11 up from ₹ 1,873 crore in 2009-10. Net Profit, grew by 28.91 per cent to ₹ 1,048 crore in 2010-11 up from ₹ 813 crore for 2009-10.

e. The Bank made a recovery of ₹ 902.06 crore under NPA during 2010-11. The Gross NPA stood at ₹ 2,598.97 crore as at the end of the year 2010-11 which was 2.40 per cent of the Gross advances.

f. The Net NPA constituted 0.97 per cent of the net advances at the end of the financial year 2010-11, as against 1.07 per cent in 2009-10.

g. The Credit Deposit (CD) ratio of the Bank at the end of the financial year 2010-11 stood at 79.91 per cent as against 78.15 per cent for the previous year.

h. Provision Coverage Ratio improved from 73.31 per cent as at 31-03-2010 to 77.18 per cent as at 31-03-2011.

i. Book value per share improved to ₹122.99 from ₹107.80 last year.

j. The Bank is Basel II compliant. The Credit to Risk-Weighted Assets Ratio (CRAR) was 13.04 per cent as at 31-03-2011, compared to 12.70 per cent as at 31-03-2010.

k. Net interest income (NII) of the Bank improved from ₹2740 crore in 2009-10 to ₹4383 crore in 2010-11.

l. The Bank's Net Interest Margin (NIM) improved to 3.40 per cent as at 31.03.2011 from 2.35 per cent as at 31.03.2010.

m. The Bank's Return on Assets (ROA) improved from 0.62 per cent in 2009-10 to 0.76 per cent in 2010-11.

n. The Net Worth of the Bank (excluding revaluation reserves) increased to ₹6,656.94 crore as at March 31, 2011 compared to ₹ 5,222.86 crore as at March 31, 2010.

o. The Board of Directors have recommended a dividend of 37 per cent for the year ended 31st March 2010-11.

BRANCH NETWORK

The total network of branches stood at 2494 branches (including London Branch) as at 31.03.2011. The domestic branch network consisted of 803 Rural, 589 Semi urban, 551 urban and 550 metro & port town branches. Out of the total network of branches 708 branches are in

कुल शाखाओं में से 708 शाखाएं कम बैंकवाले जिलों में और 670 शाखाएं अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में हैं।

वर्ष 2010-11 के दौरान 188 सामान्य बैंकिंग शाखाएं खोली गई। इनमें से 154 शाखाएं टियर 3 – 6 केन्द्रों में है जिनमें से 131 शाखाएं भारत सरकार के वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तहत खोली गई।

उपर्युक्त खोली गई नई शाखाओं में से 76 शाखाएं कम बैंकवाले जिलों में और 36 शाखाएं अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में खोली गई। सभी देशी शाखाएं सी बी एस नेटवर्क से जुड़ी हैं।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 31 मार्च 2010 के ₹ 32,713 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2011 को ₹ 36,611.26 करोड़ हो गया है। इसका हिस्सा समायोजित निवल बैंक ऋण (ए.एन.बी.सी.) का 46.22 प्रतिशत बनता है जबकि अनिवार्य स्तर 40 प्रतिशत का ही है। बैंक सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न गरीबी उन्मूलन योजनाओं तथा अन्य रोजगार सृजन योजनाओं में सतत आधार पर भागीदारी कर रहा हैं। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत अनु. जा./अनु. ज. जा. को दिए गए अग्रिम में वृद्धि हुई है, जो 31-3-2010 के ₹ 1407.81 करोड़ से बढ़कर 31-3-2011 को ₹ 1,957.84 करोड़ हो गया है और इसमें 39.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अल्पसंख्यक समुदायों को दिए अग्रिम में वृद्धि हुई है, जो 31-3-2010 के ₹ 4399.14 करोड़ से बढ़कर 31-3-2011 को ₹ 5,569.30 करोड़ हो गया है और इस क्षेत्र में 26.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

व्यष्टि वित्त (माइक्रोफाइनॉन्स)

माइक्रो ऋण में वृद्धि हेतु बैंक निरंतर प्रयत्नशील है, फिलहाल, बैंक ने 205979 स्वयं सहायता समूहों को मार्च 2011 तक ₹ 2,165.43 करोड़ के ऋण उपलब्ध कराए हैं। कुल स्वयं सहायता समूहों में से महिला समूहों की संख्या 182359 है और कुल ऋण निवेश ₹ 1,868.10 करोड़ है।

शिक्षा ऋण

समाज के आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को भारत में तकनीकी/प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में अध्ययन पूरा करने के लिए आपके बैंक ने भारतीय बैंक संघ द्वारा निरूपित मॉडल शिक्षा ऋण योजना को कार्यान्वित किया है जिसमें आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण के मामले में अधिस्थगन अवधि के दौरान सब्सिडी प्रदान करने की व्यवस्था है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति संवर्ग के सभी विद्यार्थी लागू ब्याज दर से 0.50 प्रतिशत रियायत के लिए पात्र हैं । सभी छात्राएं लागू ब्याज दर से 0.50 प्रतिशत रियायत के लिए पात्र हैं । अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति की छात्राएं लागू ब्याज दर से पुन: 0.25 प्रतिशत रियायत प्राप्त करने के लिए पात्र हैं ।

वित्तीय समावेशन पहल

मार्च 2012 से पहले तक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम को पूरा करने के लिए बैंक को ऐसे 1493 गाँवों का आबंटन किया गया है, जिनकी जनसंख्या 2000 या उससे अधिक है। 31-3-2011 तक बैंक ने 135 गाँवों में शाखा जाल के द्वारा तथा 615 गाँवों में कारोबार प्रतिनिधि/ग्राहक सेवा प्रदाताओं के माध्यम से इस कार्यक्रम को पूरा किया है। बैंक को वित्तीय समावेशन पहल के लिए जो गाँव आबंटित किए गए हैं उसमें उसने 31-3-2011तक 3,72,740 सादा खाते खोले हैं तथा 24,000 से अधिक स्मार्ट कार्डों का वितरण किया है।

underbanked districts and 670 branches are in minority concentration districts.

During the year 2010-11, 188 General Banking branches were opened. Out of these, 154 branches were located in Tier 3-6 centres including 131 branches opened under the Financial Inclusion programme of the Govt. of India.

Out of the new branches opened as above, 76 Branches are in under-banked Districts and 36 Branches are in Minority Concentration Districts.

All the domestic branches are networked under CBS.

PRIORITY SECTOR ADVANCES

Priority Sector Advances of the Bank rose from ₹ 32,713 crore as at the end of March, 2010 to ₹ 36,611.26 crore as at the end of March, 2011 constituting 46.22 per cent of Adjusted Net Bank Credit (ANBC) against the mandatory level of 40 per cent. The Bank continued to participate in implementing the various poverty alleviation and employment generation schemes sponsored by the Government. The Advances to SC/ST beneficiaries under Priority Sector, rose from ₹1407.81 crore as at the end of March 2010 to ₹ 1,957.84 crore as at the end of March 2011, registering a growth of 39.07 per cent. Advances to Minorities rose from ₹4399.14 crore as at the end of March, 2010 to ₹ 5,569.30 crore as at the end of March 2011, registering a growth of 26.60 per cent.

MICROFINANCE

In its endeavour to increase the flow of micro credit, the Bank has so far credit linked 205979 SHGs with a credit exposure of ₹ 2,165.43 crore as at the end of March, 2011. Of the total SHGs, women groups numbered 182359 and accounted for credit exposure of ₹ 1,868.10 crore.

EDUCATION LOAN

In order to support meritorious students from Economically Weaker Sections of the society, your Bank is implementing the Model Education Loan Scheme formulated by Indian Banks' Association (IBA) and providing Interest Subsidy for the period of moratorium on education loans taken by students from Economically Weaker Sections for pursuing technical/professional courses in India. All students belonging to SC/ST Category are eligible for concession of 0.50 per cent on the applicable interest rate. All girl students are eligible for concession of 0.50 per cent on the applicable interest rate. Girl students under SC/ST category are eligible for a further concession of 0.25 per cent on the applicable interest rate.

FINANCIAL INCLUSION INITIATIVES

The Bank has been allotted 1493 villages having a population of 2000 and above for implementation of Financial Inclusion programme before March 2012. As on 31.03.2011 the Bank has covered 750 villages by opening Brick & Mortar branches in 135 villages and 615 villages by engaging Business Correspondents/Customer Service Providers. The Bank has opened 3,72,740 no-frill accounts in allotted FI villages and distributed over 24,000 smart cards as at 31.03.2011.

क्रेडिट कार्ड कारोबार

वीसा इंटरनेशनल के सहयोग से बैंक गोल्ड एवं क्लासिक कार्ड प्रदान करता है, जिनका उपयोग ए.टी.एम., बिक्री टर्मिनल केंद्रों, इंटरनेट, आइ.वी.आर., और मेल आर्डर के लिए किया जा सकता है। ये कार्ड विश्व भर में वैध हैं तथा पूरे विश्व में कहीं भी उनका उपयोग किया जा सकता है। बैंक ने 11-02-2011 से एकबारगी पासवर्ड (ओ. टी.पी.) की शुरुआत की है। यह एक अतिरिक्त सुरक्षा का रूप है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक ने अनिवार्य किया है, इसमें कार्डधारक को टेलीफोन/मोबाइल के माध्यम से आइ.वी.आर. लेन-देन करने के लिए एकबारगी आठ अंकों का पासवर्ड जेनरेट करने की सुविधा उपलब्ध है। बैंक ने 31-03-2011 तक 70957 क्रेडिट कार्ड तथा 52.64 लाख डेबिट कार्ड निर्गत किए हैं।

ग्राहक सेवा पहल

बैंक की मान्यता है कि लाभप्रद बैंकिंग कारोबार के लिए ग्राहक संतुष्टि ही आधारशिला है। आपके बैंक ने ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए कई स्थानों पर पूर्ण सुविधायुक्त तुरन्त शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना की है। ग्राहक सेवा के महत्व को हर स्तर पर अंगीकार किया जाए इसे सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने शिकायतों की संख्या और औसत रूप से उनके निवारण हेतु लगाए गए समय के आधार पर हर तिमाही क्षेत्रीय कार्यालयों के दर-निर्धारण की पद्धति को अपनाया है। आपके बैंक ने जमा, ग्राहक शिकायतों के निवारण, चेक वसूली और सेवा में हुई कमी के लिए क्षतिपूर्ति के संबंध में बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति को अपनाया है। ये सभी ग्राहकों की सूचना के लिए बैंक की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किए गए हैं।

मानव संसाधन नीति

बैंक ने एक व्यापक और समेकित जनशक्ति योजना तैयार की है ताकि शाखाओं/कार्यालयों के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों, विशेषज्ञ अधिकारियों, परिवीक्षाधीन लिपिकों तथा अधीनस्थ कर्मचारियों की भर्त्ती की है। बैंक ने वर्ष के दौरान स्टॉफ सदस्यों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का चयन किया है जिसमें कुछ चयनित वर्तमान की योजनाओं में मौद्रिक वृद्धि भी शामिल हैं। बैंक में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण बना रहा और इससे स्वस्थ कामकाजी माहौल को बल मिला। यूनियनों/एसोसिएशनों का व्यवहार अनुकूल और सकारात्मक रहा तथा उन्होंने बैंक की प्रगति तथा समृद्धि के लिए उठाए गए कदमों के अबाधित रूप से समर्थन प्रदान किया।

प्रशिक्षण एवं विकास

मानव पूंजी की संभाव्यताओं को साकार करने के लिए बैंक ने प्रशिक्षण और विकास की एक प्रगतिशील प्रणाली संरचित की है। यह कर्मचारी के व्यक्तित्व के अंदर अंतर्निहित संभाव्यताओं को विकसित करने पर जोर देती है तथा उनके कौशल को निरंतर आधार पर निखारती रहती है ताकि वे तीव्र गति से वृद्धिशील एवं जटिल कारोबारी मॉडल की जरूरतों का सामना करने के लिए स्वयं को उसके अनुरूप ढाल सकें। कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं विकास पर किए गए निवेश से कर्मचारियों को बैंक के बढ़े हुए कारोबार और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं को तैयार करने में मदद मिली है। बैंक ने देशभर के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रभावशाली ढंग से वीडियों कॉन्फरेन्सिंग तथा ई-लर्निंग जैसे रियायती माध्यमों का उपयोग किया है।

वर्ष 2010-11 के दौरान प्रशिक्षण प्रणाली के माध्यम से बैंक ने अधिकारियों के लिए 255 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिन से 6139 अधिकारी तथा कामगार कर्मचारियों के लिए आयोजित 294 प्रशिक्षण कार्यक्रमों से 7678 कामगार कर्मचारी लाभान्वित हुए।

CREDIT CARD BUSINESS

The Bank in association with VISA International, offers Gold and Classic Credit Cards, which can be used at ATMs, Point of Sale terminals, Internet, IVR and for Mail Orders. The cards are valid globally and can be used throughout the world. The Bank introduced One Time Password (OTP), with effect from 11-02-2011. It is an additional security feature made mandatory by Reserve Bank of India, which enables the cardholder to generate the 8 digit One Time Password for doing IVR transactions through telephone / mobile. The Bank has issued 70957 Credit Cards and 52.64 lakh debit cards up to 31-03-2011.

CUSTOMER SERVICE INITIATIVES

The Bank believes that customer satisfaction is the cornerstone of profitable banking operations. Your Bank has a full-fledged grievance redressal mechanism operating at various levels for prompt redressal of customer complaints. In order to ensure that customer service becomes the driving force at all levels, the Bank has put in place a system of quarterly rating of Regions on the basis of number of complaints and average grievance redressal time. Your Bank also has Board approved policies on Deposits, Cheque Collection, Compensation payable for deficiencies in service etc. These are also displayed on the Bank's website for the information of the customers.

HR POLICIES

The Bank has drawn up a comprehensive and integrated Manpower plan to provide optimum staff at the Branches/ Offices. During the year 2010-11, the Bank has recruited Probationary Officers, Specialist Officers, Probationary Clerks and Sub-staff. The Bank has introduced several new staff welfare measures during the year besides enhancing the monetary ceiling under select existing schemes. The Industrial Relations in the Bank have been cordial and harmonious, fostering a healthy work environment. The Unions / Associations have been responsive and proactive and they have extended unstinted support for the measures aimed at the progress and prosperity of the Bank.

TRAINING AND DEVELOPMENT

Realizing the potentialities of human capital, the Bank has designed a progressive system of training and development. It emphasizes on developing individual potential of employees and harnessing their skills on continuous basis to meet the requirement of rapidly growing and complex business models. Investment in employees' training and development has enabled the Bank to improve the preparedness of the staff members to handle increased or new challenges. The Bank is, also, effectively using video conferencing and e-learning system as cost effective methods for imparting training to its employees across the country.

During the year, 2010-11, 255 programmes covering 6139 Officers and 294 programmes covering 7678 workmen employees were conducted by the Training System.

जोखिम प्रबंधन

जोखिम प्रबंधन बैंकों और वित्तीय संस्थानों के परिचालन का अभिन्न अंग है। जोखिम विश्लेषण से विभिन्न जोखिम घटकों जैसे, ऋण जोखिम, बाज़ार जोखिम और परिचालन जोखिम में निहित वित्तीय निर्णयों में संगठन की दृष्टि से सुरक्षा और सुस्थिति की पहचान तथा गणना करना सुसाध्य हो जाता है। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, आपके बैंक ने अच्छी तरह से संरचित समुचित जोखिम प्रबंधन प्रणाली बनाई है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति एक शीर्षस्थ समिति है जो संस्था की जोखिम प्रवृत्ति को परिभाषित करती है और बैंक के जोखिम प्रबंधन ढाँचे के निर्माण का कार्य सुनिश्चित करती है। यह बैंक की जोखिम प्रवृत्ति तथा आत्मसात्करण क्षमता को ध्यान में रखते हुए विवेकपूर्ण जोखिम नीतियों का निर्माण करती है। गत्यात्मक वित्तीय वातावरण और विनियामक के परिवर्तनशील नीतिगत ढाँचे को ध्यान में रखते हुए बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणाली को नियमित आधार पर स्तरोन्नत और कौशल युक्त करता जा रहा है।

आस्ति देयता प्रबंधन

आस्ति देयता प्रबंधन एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा सामना की जानेवाली ब्याज दर जोखिम और चलनिधि जोखिम का प्रबंधन किया जाता है। अल्प लागत वाली निधियों की कम होती जा रही उपलब्धता के कारण देयता प्रबंधन की ओर प्रबंधन सबसे अधिक ध्यान केन्द्रित कर रहा है। आपके बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन समिति में शीर्ष प्रबंधन के कार्यपालक सदस्य हैं जो चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, अंतर/बेमेल जोखिम, आधार जोखिम, जोखिमों का पुनर्मूल्यनिर्धारण, विदेशी विनिमय जोखिम, ईक्विटी मूल्य जोखिम के प्रबंधन के लिए नियमित रूप से बैठकें करते हैं। बैंक के पास किसी भी प्रकार की आकस्मिकताओं से निपटने के लिए पूर्ण प्रलेखित आकस्मिकता नकदी निधीयन योजना है। बैंक अपनी आस्ति–देयता प्रबंधन प्रणाली को बाजार में हो रहे विकास तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिए गए निदेशों के आलोक में स्तरोन्नत करने की प्रक्रिया में संलग्न है।

अत्यंत महत्वपूर्ण पहल

बैंक ने वित्तीय समावेशन से संबंधित अपने ग्राहकों के लिए टाटा ए आइ जी लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी के साथ गठजोड़ व्यवस्था करके माइक्रो बीमा उत्पाद का शुभारंभ किया है। इस उत्पाद के तहत नाममात्र का प्रीमियम लेकर ग्राहक की स्वाभाविक या दुर्घटना के कारण हुई मृत्यु, दोनों ही मामलों में बीमा सुरक्षा प्रदान की गई है।

मेसर्स सी सी एवेन्यू और बिलडेस्क के साथ पेमेंट गेटवे सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है। पेमेंट गेटवे के माध्यम से हमारे ग्राहकों को यह सुविधा मिली है कि वे इंटरनेट बैंकिंग के द्वारा विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं का भुगतान ऑन लाइन कर सकते हैं।

बैंक ने मेसर्स पेमेट इंडिया प्राईवेट लिमिडेड के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग समाधान को कार्यान्वित किया है, इससे मोबाइल भुगतान और एम–कॉमर्स सुविधा प्राप्त होगी।

बैंक ने विजया बैंक के साथ मिलकर संयुक्त रूप से वित्तीय शिक्षण और ऋण परामर्श केन्द्र की स्थापना की है। मंगलूर, उडुपि तथा कुमटा (कारवार जिला) में स्थापित इन केन्द्रों ने कार्य करना भी आरंभ कर दिया है। अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बैंक द्वारा प्रारंभ की गई कई पहलों में से ये कुछ महत्वपूर्ण पहल हैं, जिन्हें हाल के महीनों में बैंक ने उठाया है।

RISK MANAGEMENT

Risk Management is an integral part of operation of banks and FIs. Risk analysis helps in identifying and measuring various risk components viz. credit risk, market risk and operational risk inherent in financial decision making for safety and soundness of the organisation. Keeping in view the above, your Bank has put in place well structured and appropriate risk management system. Risk Management Committee (RMC) of the Board is the Apex Committee defining institution's risk appetite and ensures that the bank's risk management framework includes detailed policies that set specific prudential limits on the Bank's activities consistent with its risk appetite and absorption capacity. The Bank has been continuously upgrading and fine tuning its risk management systems in accordance with the dynamic financial environment and changing policy framework of the regulator.

ASSET LIABILITY MANAGEMENT

Asset-liability management is a strategic management tool to manage interest rate risk and liquidity risk faced by banks and FIs. With the declining availability of low cost funds, liability management has become the focus of bank management efforts. Your Bank's Asset Liability Management comprises of members of the top management who regularly meet to manage Liquidity Risk, Interest Rate Risk, Gap/Mis-match Risk, Basis Risk, Repricing Risk, Forex Risk and Equity Price Risk. The Bank has a well-documented Contingency Liquidity Funding Plan for managing any contingency. The Bank is also in the process of upgrading the ALM system in line with the market developments and RBI directives.

KEY STRATEGIC INITIATIVES

The Bank has launched a micro-insurance product for its 'Financial Inclusion' customers under a tie-up arrangement with Tata AIG Life Insurance Company. Under this product, the customer is insured against both natural death and accidental death for a nominal premium.

Payment Gateway with M/s CCAvenue and with BillDesk has been successfully implemented. The payment gateway enables our customers to make payment for various products and services on-line via Internet banking.

The Bank has implemented Mobile Banking Solution through M/s Paymate India Pvt Ltd. for providing Mobile Payments and m-Commerce facilities.

The Bank has formed a TRUST jointly with Vijaya Bank for establishing Financial Literacy and Credit Counselling Centres. Already, three such centres have started functioning in Mangalore, Udupi and Kumta (Karwar District). These are just a few of the initiatives taken by the Bank in recent months to fulfill the expectations of our customers.

पुरस्कार और सम्मान

वर्ष के दौरान माइक्रो उद्यम के क्षेत्र में उधार देने के मामले में उत्कृष्ट निष्पादन हेतु बैंक को भारत की राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक (प्रायोजक सिंडिकेट बैंक) को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को वित्तीयन के मामले में राज्य में उत्कृष्ट बैंक के रूप में चयनित किया गया।

नैगम सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर)

अपनी नैगम सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में बैंक ने ऐसे कार्यकलापों को अपनाया है, जिनका उद्देश्य आर्थिक कायापलट और पददलितों का उन्नयन है। बैंक ने विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए उदारतापूर्वक निधियाँ प्रदान की हैं। उदाहरण के लिए, सेवारत पुलिस कर्मियों और उनके परिवार का कल्याण, गरीब लोगों और उनके बच्चों को चिकित्सा सुविधाएं, नाममात्र का शुल्क लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को स्तरीय शिक्षा प्रदान करना, शारीरिक दृष्टि से अपंग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण/कैलिपर्स/व्हीलचेयर्स प्रदान करना, जनजातीय लोगों के लिए लाभप्रद रोजगार उपलब्ध कराना तथा आम लोगों के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना आदि शामिल हैं।

अगली मंज़िल

आगे का रास्ता गंभीर चुनौतियों से भरपूर है। ये गंभीर चुनौतियाँ वर्तमान के सहयोगियों और भविष्य में इस क्षेत्र में प्रवेश करनेवाली संस्थाओं, दोनों से ही है। आपका बैंक इन चुनौतियों का जोरदार ढंग से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और वह आनेवाले समय में दम-खम के साथ आगे बढ़ता जाएगा। बैंक ने वर्ष 2011-12 के लिए उद्योग की प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए अपने कारोबारी लक्ष्य का निर्धारण किया है। कासा से बैंक का आधार मजबूत होता है, इसे ध्यान में रखते हुए बैंक ने इस क्षेत्र में 15 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने के मामले में सतत अग्रगामी की भूमिका निभाता रहेगा। देश में समावेशी विकास के लिए बैंक प्रतिबद्ध है। इसे ध्यान में रखते हुए बैंक ने 2011-12 के दौरान वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बहुत संख्या में वित्तीय समावेशन खातों को खोलने का निर्णय लिया है। हमारे बैंक का सुविस्तुत शाखा जाल, ग्रामीण क्षेत्रों में उपस्थिति, उन्नत प्रौद्योगिकी समाधान और दमदार सेवाएं ऐसी ताकत हैं जो आनेवाले समय में हमारे ग्राहकों के लिए विश्वसनीय एवं मैत्रीपूर्ण वित्तीय भागीदार बनने की दिशा में पूर्णरूपेण सहयोगी बनेंगी।

आभार

मैं इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्यों, भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक को उनके बहुमूल्य सहयोग एवं मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। शेयरधारकों ने हममें जो आस्था एवं विश्वास व्यक्त किया है उसके लिए मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ । मैं अपने सभी ग्राहकों को उनके निरंतर सहयोग तथा समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं इस संस्था को निष्पादन के मामले में बुलंदियों तक पहुंचाने वाले अपने स्टॉफ सदस्यों की प्रशंसा करता हूँ तथा उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण एवं मूल्यवान योगदान को अभिलेखित करता हूँ ।

आपका

(बसंत सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 27-05-2011

AWARDS & ACCOLADES

During the year, the Bank received the National Award for outstanding performance in lending to Micro Enterprises from her Excellency Smt. Pratibha Devisingh Patil, President of India.

Andhra Pragathi Grameena Bank (sponsored by SyndicateBank) was selected by the A.P. Govt. as the Best Bank in the State in the field of agriculture financing.

CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY (CSR)

As a part of its corporate social responsibility, the Bank has been undertaking activities aimed at economic transformation and uplift of the downtrodden. The Bank has donated funds liberally for varied social causes like the welfare of the serving policemen and their families, providing free medical facilities to the poor people and their children, providing education to the poor students in rural areas for a nominal fee, helping differently abled persons by providing artificial limbs/calipers/wheelchairs etc., providing gainful employment to the Tribals and setting up an integrated Health Care Centre for the common man.

THE ROAD AHEAD

The road ahead is full of challenges in the face of stiff competition among the existing players and possible entry of new players. Your Bank is fully equipped to meet these challenges and will confidently continue its onward march in the days ahead. Considering the importance of CASA in improving the bottom line, a growth of 15 per cent is planned during the next year. The Bank also intends to continue its proactive role in the area of Priority sector lending. The Bank is committed to promote inclusive growth in the country. To this end, it plans to open a number of Financial Inclusion branches in 2011-12. The strength of the Bank's large branch network, rural presence, state-of-the-art technology solutions and robust services will be fully leveraged in the days ahead to excel in our role of faithful and friendly financial partner to our customers.

ACKNOWLEDGEMENT

I take this opportunity to thank the members of the Board, the Government of India and the Reserve Bank of India for their valuable support and guidance. I thank all our shareholders for the confidence and faith they have reposed in us. I thank all our customers for their continued co-operation and support. I also place on record my appreciation of the dedicated and committed work put in by our staff members for taking this organization to greater heights of achievement and glory.

Finally, I thank all of you for attending this meeting.

With regards,

Yours sincerely

(Basant Seth)
Chairman & Managing Director

Place : Manipal
Date : 27-05-2011

वार्षिक आम बैठक/ANNUAL GENERAL MEETING

25 जून 2011–मणिपाल/25th June 2011–MANIPAL

घटनाओं का महत्वपूर्ण कैलेंडर/IMPORTANT CALENDAR OF EVENTS

वार्षिक रिपोर्ट भेजने की तारीख Mailing of Annual Reports	27-05-2011 से/to 28-05-2011
बहियों का समापन (दोनों दिवस शामिल हैं) Book Closure (Both days inclusive)	17-06-2011 से/to 25-06-2011
प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा नियुक्त प्रॉक्सी फार्म एवं संकल्प प्राप्त होने की अंतिम तिथि Last date for receipt of proxy forms and resolutions appointing authorized representatives	20-06-2011 (सोमवार/Monday)
वार्षिक आम बैठक की तारीख Date and time of Annual General Meeting	25-06-2011 (शनिवार) प्रात:11.30 बजे / (Saturday) 11.30 a.m.

पंजीयक एवं शेयर अंतरण एजेंट

मेसर्स. कार्वी कम्प्यूटर शेयर (प्रा.) लिमिटेड
यूनिट : सिंडिकेटबैंक
प्लाट सं. 17 से 24, विट्ठलराव नगर
माधापुर, हैदराबाद 500081
दूरभाष: 040 44655000 - विस्तार:116
या 040 44655116 (सीधा)
फैक्स सं.: 040 23420814

Registrars & Share Transfer Agents:

M/s Karvy Computershare (P) Ltd.
Unit: SyndicateBank
Plot No. 17 to 24, Vithal Rao Nagar
Madhapur, Hyderabad 500081
Phone No. 040 44655000 – Extn.:116
or 040 44655116 (D)
Fax No. 040 23420814

सिंडिकेटबैंक
SyndicateBank
विश्वसनीय. मैत्रीपूर्ण Faithful. Friendly
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

सूचना

सूचना दी जाती है कि सिंडिकेट बैंक के शेयरधारकों की बारहवीं वार्षिक आम बैठक शनिवार 25 जून 2011 को प्रात: 11.30 बजे से सिंडिकेट बैंक स्वर्ण जयंती सभाभवन, मणिपाल – 576 104, में निम्नलिखित कारोबार का संव्यवहार करने के लिए होगी:

1. 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार बैंक के तुलन-पत्र और उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के संबंध में लाभ व हानि लेखा, लेखे से संबंधित अवधि के दौरान बैंक के कार्यचालन और उसकी गतिविधियों पर निदेशकों के प्रतिवेदन और तुलन-पत्र तथा लेखों पर लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन पर चर्चा करने, उसका अनुमोदन करने और अंगीकार करने के लिए ।

2. वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए लाभांश की घोषणा करने के लिए।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 27-05-2011

(बसंत सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

सिंडिकेटबैंक
SyndicateBank
विश्वसनीय. मैत्रीपूर्ण
Faithful. Friendly
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

NOTICE

NOTICE is hereby given that the Twelfth Annual General Meeting of the shareholders of SyndicateBank will be held at SyndicateBank Golden Jubilee Auditorium, Manipal - 576 104 (Karnataka State) on Saturday, the 25th June, 2011 at 11.30 a.m. to transact the following business:

1. To discuss, approve and adopt, the Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2011 and the Profit & Loss Account of the Bank for the year ended on that date, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

2. To declare dividend for the Financial Year 2010-2011.

By Order of the Board of Directors

Place : MANIPAL
Date : 27-05-2011

(Basant Seth)
Chairman and Managing Director

नोट

(i) **प्रॉक्सी की नियुक्ति**

बैठक में भाग लेने एवं मतदान करने हेतु पात्र शेयरधारक सदस्य को अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने तथा स्वयं को छोड़कर मतदान करने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने का अधिकार है । प्रॉक्सी बैंक का शेयरधारक हो यह आवश्यक नहीं है। प्रॉक्सी की सूचना प्रभावी होने हेतु प्रॉक्सी फार्म वार्षिक आम बैठक प्रारंभ होने से कम से कम **चार दिन** पहले अर्थात् सोमवार 20 जून 2011 को कार्य समय समाप्त होने के समय या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय, मणिपाल में अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए ।

(ii) **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

कोई भी ऐसा व्यक्ति किसी कंपनी अथवा किसी निकाय कारपोरेट, जो कि शेयरधारक है, के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित होने अथवा मतदान करने का तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने विषयक संकल्प, जिस बैठक में वह पारित किया गया था उसके अध्यक्ष द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित न हो, की प्रति सिंडिकेटबैंक, प्रधान कार्यालय, मणिपाल में, वार्षिक आम बैठक की तारीख से **चार दिन** पहले अर्थात् सोमवार, 20 जून 2011 को कार्य समय समाप्त होने के समय या उससे पहले जमा नहीं करता/करती है।

(iii) **उपस्थिति पर्ची–सह–प्रवेश पत्र**

शेयरधारक सदस्यों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची–सह–प्रवेश पत्र इस नोटिस के साथ संलग्न है । शेयरधारकों/प्रॉक्सीधारकों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उसमें निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें और उसे बैठक स्थल पर सौंप दें । शेयरधारक के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थिति पर्ची –सह–प्रवेश पत्र पर 'प्रॉक्सी' अथवा ''प्राधिकृत प्रतिनिधि'' जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख करना चाहिए ।

(iv) **वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां**

शेयरधारक सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ वार्षिक आम बैठक के स्थान पर वितरित नहीं की जाएंगी इसलिए शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ अपने साथ लाएँ । वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ पंजीकृत पते पर ड़ाक द्वारा भेज दी गई है । वार्षिक रिपोर्ट बैंक के वेबसाइट www.syndicatebank.in पर भी उपलब्ध है।

(v) **लेखा विषयक सूचना**

शेयरधारक यदि खाते के संबंध में कोई जानकारी चाहते हैं तो उनसे अनुरोध है कि बैंक को लिखें और उनके द्वारा माँगी गई जानकारी बैंक को कम से कम वार्षिक आम बैठक से एक सप्ताह पहले मिल जानी चाहिए ताकि प्रबंधक वर्ग सूचना तैयार करके रख सके। वार्षिक आम बैठक के समय उसके जवाब दिए जायेंगे ।

NOTES

(i) APPOINTMENT OF PROXY

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING IS ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/HERSELF AND SUCH A PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK. The Proxy form, in order to be effective, must be received by the Bank at its Head Office at Manipal not less than FOUR DAYS before the date of the Annual General Meeting i.e., on or before the closing hours of Monday, the 20th June 2011.

(ii) APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorized representative of a Company or any body corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Head Office of the Bank at Manipal not less than FOUR DAYS before the date of the Annual General Meeting, i.e., on or before the closing hours of Monday, the 20th June 2011.

(iii) ATTENDANCE SLIP-CUM-ENTRY PASS

For the convenience of the shareholders, Attendance Slip-Cum-Entry Pass is annexed to this notice. Shareholders/Proxy-holders/Authorised Representatives are requested to affix their signatures at the space provided therein and surrender the same at the venue. Proxy-holders/Authorized Representative of shareholders should state on the Attendance Slip-Cum-Entry Pass as "Proxy" or "Authorized Representative" as the case may be.

(iv) COPIES OF ANNUAL REPORT

Shareholder Members are advised that copies of the Annual Report will not be distributed at the venue of the Annual General Meeting and hence, the Members are requested to bring their copies of the Annual Report, which are mailed by the Bank to them at the registered addresses. Additionally, the Annual Report has been hosted on Bank's website www.syndicatebank.in

(v) INFORMATION ON THE ACCOUNTS

Shareholders seeking any information on the Accounts are requested to write to the Bank, which should reach the Bank atleast one week before the date of the Annual General Meeting to enable the Management to keep the information ready. Replies will be provided only at the Annual General Meeting.

(vi) **बही बंदी**

वार्षिक आम बैठक के सिलसिले में और अंतिम लाभांश 2010-11 की पात्रता निर्धारित करने के लिए शेयरधारकों की पंजी और बैंक की शेयर अंतरण पंजी शुक्रवार, 17 जून 2011 से शनिवार, 25 जून 2011 तक (दोनों दिन शामिल हैं) बंद रहेंगी।

(vii) **लाभांश का भुगतान**

निदेशक मंडल द्वारा यथा प्रस्तावित अंतिम लाभांश का भुगतान उन शेयरधारकों को जिनके पास फिजिकल फार्म में शेयर हैं और जिनके नाम बैंक के शेयरधारक/ सदस्यों के रजिस्टर में शनिवार, 25 जून 2011 तक दर्ज हैं और बेकागजीकृत रूप के शेयरों के मामले में गुरुवार, 16 जून 2011 को कारोबार की समाप्ति के समय की स्थिति के अनुसार डिपाजिटरी द्वारा उपलब्ध की गई हिताधिकारी स्वामियों की सूची के अनुसार लाभांश वारंट वार्षिक आम बैठक की तारीख से 30 दिन के अंदर डाक से भेजे जाएंगे/जमा कर दिए जाएंगे।

(viii) **लाभांश हेतु बैंक अधिदेश या इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ई सी एस)**

क) शेयरधारकों से अपेक्षित है कि वे जहाँ पर अपने लाभांश वारंटों को जमा कराना चाहते हों, उस बैंक का नाम, शाखा का नाम, स्थान एवं खाता संख्या का उल्लेख करें। ये सूचनाएं लाभांश वारंट के चेक हिस्से में शेयरधारक के नाम के साथ मुद्रित की जाएंगी ताकि लाभांश वारंट का कपटपूर्ण नकदीकरण कराने से बचा जा सके। इन विवरणों को प्रथम/एकमात्र धारक द्वारा फोलियो संख्या, धारित शेयरों की संख्या, धारिता संबंधी ब्यौरे आदि बताते हुए सीधे हैदराबाद स्थित रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ख) बैंक, विनिर्दिष्ट शहरों में रहनेवाले शेयरधारकों को ई.सी.एस. की सुविधा प्रदान कर रहा है। लाभांशों को जमा करवाने के लिए, शेयरधारक बैंक अधिदेश प्रणाली के बदले में इस सुविधा का भी उपयोग कर सकते हैं। विकल्प फार्म इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

ग) संप्रति ई.सी.एस. सुविधा, भा.रि.बैं. द्वारा अनुमोदित 81 केन्द्रों में प्रचलन में है। ई.सी.एस. केन्द्रों की सूची इस रिपोर्ट के साथ संलग्न की गयी है।

घ) बैंक के सभी शाखाओं को सी.बी.एस. (कोर बैंकिंग सोल्यूशन) के अंतर्गत लाया गया है । हमारे बैंक में खाता रखनेवाले निवेशकों से अनुरोध है कि वे अपनी 14 अंकोवाली बचत बैंक/चालू खाता/ओवरड्राफ्ट खाता संख्या प्रस्तुत करें ताकि लाभांश की रकम को सीधे खाते में जमा किया जा सके।

(ix) **अंतरण**

अंतरण विलेख के साथ शेयर प्रमाणपत्र अंतरण हेतु रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट को भेजे जाने चाहिए। मई 2009 से सेबी ने शेयरों के अंतरण के प्रस्तुतीकरण के समय अंतरिती द्वारा ''पैन कार्ड'' के ब्यौरे (पैन कार्ड की अनुप्रमाणित प्रति) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया है।

(vi) BOOK CLOSURE

The Register of Shareholders and the Share Transfer Register of the Bank will remain closed from Friday, the 17th June 2011 to Saturday, the 25th June 2011 (both days inclusive), for the purpose of Annual General Meeting and for ascertaining the entitlement of dividend 2010-2011.

(vii) PAYMENT OF DIVIDEND

Payment of dividend to shareholders, as proposed by the Board of Directors, shall be paid to those shareholders holding shares in physical form, whose names appear on the Register of Members/ Shareholders of the Bank as on Saturday, the 25th June 2011 and in respect of shares held in dematerialised form, the dividend will be paid on the basis of beneficial ownership as per details to be furnished by the depositories as at the end of business hours on Thursday, the 16th June 2011. The dividend warrants shall be mailed / credited within 30 days from the date of Annual General Meeting.

(viii) BANK MANDATE FOR DIVIDEND OR ELECTRONIC CLEARING SERVICE (ECS)

a) The shareholders are required to furnish their Bank Account number, the name of the Bank and the Branch, where they would like to deposit the Dividend Warrants for encashment. These particulars will be printed on the cheque portion of Dividend Warrants, besides the name of the shareholders so as to avoid fraudulent encashment of warrants. These details should be furnished by the first/sole shareholder directly to the Registrar & Share Transfer Agent at Hyderabad, quoting the folio number, number of shares held, details of the holdings etc.

b) The Bank is also offering the facility of ECS for shareholders residing in specified cities. This facility could be used by the shareholder instead of Bank Mandate system for receiving the credit of dividend. Option Form is annexed to this Report.

c) The ECS facility is presently in operation at 81 Centres approved by RBI. List of ECS centres is annexed to this report.

d) All the branches of our Bank are in the Core Banking Solution (CBS) network. The investors, who maintain their accounts with our Bank, are requested to provide us their 14 digit Savings Bank/Current/Overdraft Account Number for direct credit of dividend to their accounts.

(ix) TRANSFERS

Share Certificates along with share transfer deeds should be forwarded to the Registrar and Share Transfer Agent for effecting transfer. Since May 2009, the SEBI has made submission of PAN Card details (attested copies of PAN Card) mandatory by the Transferee(s) at the time of submission for transfer of shares.

(x) **पते में परिवर्तन**

क) **कागज़ी फॉर्म में शेयर रखना**

कागज़ी फॉर्म में शेयर रखनेवाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपना पंजीकृत पता, लाभांश अध्यादेश और बैंक, शाखा और बैंक खाता संख्या इत्यादि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर सूचित करें:

मेसर्स कार्वी कंप्यूटर शेयर (प्राइवेट) लिमिटेड
यूनिट: सिंडिकेटबैंक
प्लाट सं. 17 से 24
विट्ठलराव नगर, माधापुर
हैदराबाद – 500 081
दूरभाष सं.: 040 44655000 एक्स्टेंशन 116
या 040 44655116 (डी)
फैक्स सं. 040 23420814

यदि पते में परिवर्तन के लिए अनुरोध किया जाता है तो अनुरोध-पत्र के साथ पते का सबूत किया जाना चाहिए जैसे दूरभाष बिल की अनुप्रमाणित प्रति, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि ।

ख) **इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में शेयर रखना**

इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म अर्थात् डी-मैट खाते में शेयर रखनेवाले हिताधिकारी स्वामी के मामले में बैंक केवल उनके डिपॉसिटरी सहभागी (डी.पी.) के पास उपलब्ध ब्यौरे जैसे कि पता, लाभांश अधिदेश और बैंक, शाखा, बैंक खाता संख्या इत्यादि को ही गणना में लेगा ।

इसलिए हिताधिकारी स्वामियों से यह सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया जाता है कि वे अपने डिपॉजिटरी सहभागी के पास अपना पता, बैंक संबंधी विवरण इत्यादि को विधिवत् अपलोड करवाएं ताकि वे तत्संबंधी संसूचना, वार्षिक रिपोर्ट, लाभांश इत्यादि को ठीक समय पर प्राप्त कर सकें ।

(xi) **बैंक के शेयरों का बेकागज़ी रूप में (डिमैट) अनिवार्य शेयर व्यापार**

भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा दिए गए दिशा निदेशों के अनुसरण में सभी निवेशकों के लिए हमारे बैंक के शेयरों का बेकागज़ी रूप में व्यापार 26 जून 2000 से अनिवार्य कर दिया गया है।

बैंक ने नेशनल सेक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.) और सेंट्रल डिपोज़िटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सी.डी.एस.एल.) से बैंक के शेयरों के बेकागज़ीकरण के लिए निर्गमकर्ता कंपनी के रूप में करार किया है।

बेकागज़ीकरण संबंधी अनुरोध संबंधित डिपोज़िटरी सहभागी के माध्यम से हमारे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रॉन्सफर एजेन्ट को भेजे जाएं।

(x) CHANGE OF ADDRESS

a) Holding of shares in Physical Forms

Shareholders' holding shares in physical form are requested to intimate changes, if any, in their registered address, dividend mandate and the particulars of the Bank, Branch and Bank account number, etc., to the Registrar and Share Transfer Agent of the Bank at the following address:

M/s Karvy Computershare (P) Ltd.
Unit: SyndicateBank
Plot No. 17 to 24,
Vithal Rao Nagar, Madhapur
HYDERABAD – 500 081
Phone No. 040 44655000 – Extn; 116
or 040 44655116 (D)
Fax No. 040 23420814

Request for change of address should be submitted alongwith self attested copies of PAN Card and address proof, such as attested copies of Telephone Bill, Passport, Voter ID Card, Ration Card, Driving License etc.

b) Holding of shares in Electronic Form

In case of Beneficial owners holding shares in Electronic Form i.e. through a Demat account, the Bank will take into consideration only the details like address, dividend mandate and the particulars of the Bank, Branch and Bank account number etc., available with their Depository Participant (DP).

BENEFICIAL OWNERS ARE, THEREFORE, REQUESTED TO ENSURE THAT THE ADDRESS, BANK DETAILS, ETC., ARE DULY UPLOADED WITH THEIR DEPOSITORY PARTICIPANTS SO THAT THEY MAY RECEIVE THE COMMUNICATION, ANNUAL REPORTS, DIVIDEND ETC., IN TIME.

(xi) COMPULSORY TRADING OF SHARES OF THE BANK IN DEMATERIALISED (DEMAT) FORM

Pursuant to the directive given by SEBI, trading of our Bank Shares in Dematerialized form has been made compulsory for all investors with effect from June 26, 2000.

The Bank has entered into an agreement with National Securities Depository Ltd. (NSDL) and Central Depository Services (India) Ltd. (CDSL) as an issuer company for dematerialization of Bank's shares.

Request for dematerialization may be sent through respective Depository Participants to our Registrars and Share Transfer Agents.

(xii) **बैंक द्वारा प्रदान की जानेवाली डी.पी. सेवाएं**

हमारे बैंक निम्नलिखित डी.पी. सेवाएँ प्रदान करता है:

1. बेकागजीकरण
2. पुन: कागजीकरण
3. प्रतिभूतियों को इलेक्ट्रानिक फॉर्म में रखना
4. सुपुर्दगी द्वारा व्यापार का निपटान–ऑन मार्केट, ऑफ मार्केट और इंटर डेपोजिटरी ।
5. प्रतिभूतियों की गिरवी/गिरवी मुक्त करना
6. डीमैट खातों को जब्त करना/मुक्त करना

डी.पी. सेवाएं युक्त शाखाओं के ब्यौरे हमारे बैंक के वेबसाइट www.syndicatebank.in पर उपलब्ध हैं ।

(xiii) **फोलियो का समेकन**

एक ही नाम पर तथा उसी क्रम में विभिन्न फोलियों में शेयरधारण करनेवाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे शेयरधारण के ब्यौरे शेयर अंतरण एजेंटों को प्रस्तुत करें ताकि वे उन शेयर पूंजियों को एक ही पूंजी के अंतर्गत समेकित कर सकें। इससे बैंक, शेयरधारकों को और अधिक कारगर ढंग से सेवा दे पायेगा।

(xiv) **निवेशक संबंध केन्द्र**

शेयरधारकों को शीघ्र और दक्षतापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के लिए सिंडिकेटबैंक ने अपने नैगम कार्यालय, बेंगलूर में निवेशक संपर्क विभाग खोला है। शेयरधारक और निवेशक किसी भी सहायता के लिए इस केन्द्र से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं:

कंपनी सचिव
निवेशक संबंध केन्द्र
सिंडिकेटबैंक, नैगम कार्यालय
II क्रॉस, गांधीनगर, बेंगलूर– 560 009 (कर्नाटक)
दूरभाष: 080 - 22283030 फैक्स: 080 - 22283030
ईमेल: inrc@syndicatebank.co.in (सामान्य)
निवेशक की शिकायत : syndinvest@syndicatebank.co.in

(xii) DP SERVICES OFFERED BY THE BANK

Our Bank provides following DP Services-

1. Dematerialization.
2. Rematerialisation.
3. Holding of securities in electronic form.
4. Settlement of trades by delivery - On market, off market and Inter-depository.
5. Pledge/Unpledge of securities.
6. Freezing/unfreezing of Demat Accounts.

Details of branches enabled for DP Services are available in our Bank's Website www.syndicatebank.in

(xiii) CONSOLIDATION OF FOLIOS

Shareholders holding shares in various folios with identical names and in same order are requested to furnish details of such holding to the Share Transfer Agents, to enable them to consolidate those holdings into a single holding. This will facilitate the Bank to service the shareholders more effectively.

(xiv) INVESTOR RELATIONS CENTRE

In order to facilitate quick and efficient service to the shareholders, Syndicate Bank has set up an Investor Relations Centre at its Corporate Office, Bengaluru. Shareholders may contact this Centre at the under mentioned address for any assistance-

The Company Secretary
Investor Relations Centre
SyndicateBank - Corporate Office
2nd Cross Gandhinagar
Bengaluru - 560 009 (Karnataka)
Tel 080 - 22283030, Fax - 080 - 22283030
E-mail: inrc@syndicatebank.co.in (General)
Investor Grievances: syndinvest@syndicatebank.co.in

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 27-05-2011

(बसंत सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Place : Manipal
Date : 27-05-2011

(Basant Seth)
Chairman and Managing Director

निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशक मंडल 31 मार्च 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन, 31 मार्च 2011 की स्थिति का लेखा – परीक्षित तुलन पत्र और 31 मार्च 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लाभ व हानि लेखा विवरण सहर्ष प्रस्तुत करता है।

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

व्यापक आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था

वैश्विक वित्तीय बाजार में आई अशांति के कारण वर्ष 2010 के दौरान विश्व अर्थ व्यवस्था में अनिश्चतताओं का दौर रहा है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में व्याप्त बेरोजगारी और कमजोर मांग के कारण इनमें वृद्धि की रफ्तार बहुत धीमी रही है। मंदी को कम करने के लिए बेलआउट पैकेज और प्रोत्साहन मूलक योजनाओं का भी कोई अधिक असर नहीं पड़ा और ये अर्थव्यवस्थाएं वित्तीय संकट को झेलती रहीं । उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की इससे उबरने की आशा अभी इसलिए भी नहीं बंधी है क्योंकि उच्च आयवाले यूरोप के आधिपत्य वाले ऋणों को संभालना बहुत बड़ी चिंता का विषय है। कई विकासशील देशों, जिनमें भारत शामिल है, इनके यहाँ खाद्य पदार्थों में दो अंकों के स्तर तक मुद्रास्फीति में उछाल आया है और उसने नीति निर्माताओं पर दबाव डाला है कि वे एक उल्लासमय व्यापक आर्थिक नीति का ढाँचा तैयार करें। पुन:, यूरो जोन में आई प्रणालीगत संकट के कारण मुद्रा अटकलबाजियों तथा विकसित देशों में उच्च एवं अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण अर्थव्यवस्था के सामान्य बनने में रुकावट आई है।

वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक – अप्रैल 2011 के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने प्राक्कलन किया है कि विश्व अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2009 के 0.5 प्रतिशत संकुचन की तुलना में वर्ष 2010 के दौरान 5.0 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्ष 2011 के दौरान विश्व अर्थव्यवस्था के उत्पादन में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। उभरती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने जबर्दस्त वृद्धि दर्ज की है, वर्ष 2009 के 2.7 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2010 के दौरान यह वृद्धि 7.3 प्रतिशत दर्ज की गई । वर्ष 2010 के दौरान वैश्विक आर्थिक वृद्धि के मामले में भारत और चीन की भूमिका महत्वपूर्ण रही है । यू.एस. तथा यूरोपियन यूनियन विकास के मामले में वर्ष 2010 के दौरान कुल 2.8 प्रतिशत और 1.8 प्रतिशत पीछे चल रहे हैं। वर्ष 2010 के दौरान उभरने वाली और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 6.5 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके विपरीत वर्ष 2011 में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 2.4 प्रतिशत की धीमीगति से वृद्धि होने का अनुमान है।

विश्वभर में कीमतों में वृद्धि हो रही है तथा मुद्रास्फीति बढ़ती जा रही है। यह आशा बढ़ी है कि मुद्रास्फीति के बढ़ते हुए दबावों के कारण मौद्रिक नीति कड़ी होगी और विश्वभर की बैंकिंग प्रणाली में निधीयन जोखिम बढ़ेगा।

घरेलू अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था ने उच्चतम वृद्धि दर को बरकरार रखा है, कृषि क्षेत्र में जबर्दस्त विस्तार और बढ़ती हुई घरेलू मांग के कारण राजकोषीय वर्ष 2010-11 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद ने वृद्धि की रफ्तार पकड़ ली है। केन्द्रीय सांख्यिकीय संस्थान के अग्रिम प्राक्कलन के अनुसार उपादान लागत (2004-05) स्थिर मूल्य के बारे में अनुमान है कि राजकोषीय वर्ष – 2010-11 में 8.4 प्रतिशत बढ़ेगा जबकि तुलनात्मक दृष्टि से वर्ष 2009-10 (शीघ्र प्राक्कलन) के दौरान यह

DIRECTORS' REPORT

The Board of Directors is pleased to present the Bank's Annual Report along with the Audited Balance Sheet as on 31st March, 2011 and the Profit & Loss Account statement for the financial year ended 31st March, 2011.

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

MACRO ECONOMIC OVERVIEW

Global economy

The year 2010 saw the world economy being subjected to significant uncertainties as a result of the global financial market turmoil. The growth in advanced economies remained sluggish as they were mired in persistent unemployment and weak demand. The bailout packages and stimulus plans which were aimed at dampening the recession could not help much in the recovery of these economies from the setback of financial crisis. The recovery in advanced economies remains particularly sensitive to the situation in high-income Europe where the sustainability of sovereign debt still remains a concern. Many developing countries, including India, have seen food inflation jump to double-digit levels putting pressure on policymakers to go for more resilient macroeconomic policy framework. Further, a systemic crisis led by currency speculation in the Euro zone and high and volatile capital flows in developing countries have affected restoration of normalcy.

In its World Economic Outlook-April 2011, the International Monetary Fund (IMF) has estimated World Output to grow at 5.0 per cent in 2010 as against the contraction of 0.5 per cent in 2009. World output is projected to grow by 4.4 per cent in 2011. The emerging and developing economies (EMEs) posted strong growth by registering GDP at 7.3 per cent in 2010 compared to 2.7 per cent in 2009. India and China were the main drivers of global growth during 2010. The growth in the US and the European Union lagged behind at 2.8 per cent and 1.8 per cent respectively during 2010. The emerging and developing market economies are poised to grow at 6.5 per cent in 2011. In contrast the advanced economies are projected to be heading for slower growth rate of 2.4 per cent in 2011.

The prices are rising and inflation has started to accelerate worldwide. The rising expectations about monetary policy tightening in the wake of growing inflationary pressures point to increased funding risks for banking systems across the globe.

Domestic Economy

The Indian economy continues to maintain high growth momentum as the real GDP picked up since the 2nd quarter of the fiscal 2010-11, due to robust expansion of the agriculture sector and domestic demand. As per the Advance Estimate (AE) of Central Statistical Organisation (CSO), the country's gross domestic product (GDP) at factor cost at constant (2004-05) prices was estimated to grow at 8.6 per cent during fiscal 2010-11, as compared to 8.0

8.0 प्रतिशत था। राजकोषीय वर्ष 2010-11 के दौरान कृषि में 5.4 प्रतिशत; उद्योग में 8.2 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 9.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है जबकि तुलनात्मक दृष्टि से इन क्षेत्रों में राजकोषीय वर्ष 2009-10 (शीघ्र प्राक्कलन) के दौरान कुल 0.4 प्रतिशत, 8.3 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।

छह मुख्य उद्योगों, जिनमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, कोयला, बिजली और तैयार (कार्बन) स्टील (26.8 प्रतिशत भार सहित) में अप्रैल–मार्च 2010-11 के दौरान 7.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि तुलनात्मक दृष्टि से अप्रैल–मार्च 2009-10 के दौरान यह 10.54 प्रतिशत थी।

25 मार्च 2011 को मुद्रा आपूर्ति ₹ 6496,747 करोड़ थी और वर्षानुवर्ष की दृष्टि से इसमें 16.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि उसी अवधि के पिछले वर्ष के दौरान उसमें 17.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। इसका मुख्य कारण राजकोषीय वर्ष 2010-11 के दौरान जमाराशियों में हुई वृद्धि के धीमापन से रहा है। सरकार को निवल बैंक ऋण में वृद्धि वर्ष 2010-11 के दौरान पर्याप्त रूप से कम रही है, जो 16.2 प्रतिशत रही (25 मार्च 2011 तक) तुलनात्मक दृष्टि से यह 2009-10 के दौरान 30.4 प्रतिशत थी, उससे व्यापक मुद्रा की वृद्धि धीमी हुई है।

थोक मूल्य सूचकांक दर के अनुसार पिछले 12 महीनों (अप्रैल 2010 से मार्च 2011) के दौरान औसत मुद्रा स्फीति 9.4 प्रतिशत रही है जबकि 2009-10 की अनुरूपी अवधि के दौरान यह 3.6 प्रतिशत थी।

बैंकिंग परिदृश्य

सरकारी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमाराशियां वर्ष दर वर्ष के हिसाब से 25 मार्च 2011 को 15.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹ 52,04,703 करोड़ रहीं जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 17.2 प्रतिशत थीं। मार्च 25, 2011 की स्थिति में मांग जमाराशियों में 1.02 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है जबकि वर्ष के दौरान मियादी जमाराशियां 18.67 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹ 45,65,681 करोड़ तक पहुँच गईं।

सरकारी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों की कुल अग्रिम 21.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹ 39,38,659 करोड़ तक पहुँचा जो कि इसी अवधि में पिछले वर्ष 16.9 प्रतिशत के स्तर पर था। गैर खाद्य ऋणों के अंतर्गत 25 मार्च 2011 को 21.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल अग्रिम ₹ 38,74,376 करोड़ तक पहुँचा जो कि इसी अवधि के दौरान पिछले वर्ष 16.9 प्रतिशत था।

सरकारी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों का सरकारी एवं अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश 8.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2010-11 के दौरान 25 मार्च 2011 तक ₹ 15,00,039 करोड़ तक पहुँचा जो कि इसी अवधि के दौरान पिछले वर्ष 18.7 प्रतिशत था।

बाह्य क्षेत्र

अप्रैल 2009 से मार्च 2010 के दौरान भारत से अमेरिका को किए गए निर्यात अमेरिकी डॉलर 1,78,751 मिलियन के मुकाबले अप्रैल 2010 से मार्च 2011 की अवधि के दौरान इसमें 37.55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह अमेरिकी डॉलर 2,45,868 मिलियन तक पहुँच गया जबकि अप्रैल 2010 से मार्च 2011 की अवधि के दौरान समेकित आधार पर कुल आयात 21.61 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अमेरिकी डॉलर 3,50,695 मिलियन तक पहुँचा जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह अमेरिकी डॉलर 2,88,373 मिलियन के स्तर पर था।

per cent in 2009-10 (Quick Estimate). Agriculture grew by 5.4 per cent; industry by 8.2 per cent and services sector by 9.4 per cent during the fiscal 2010-11, compared to growth of 0.4 per cent, 8.3 per cent and 9.7 per cent respectively during the fiscal 2009-10 (Quick estimate).

The Index of six core industries comprising crude oil, petroleum refinery products, coal, electricity, cement & finished (carbon) steel (with a weight of 26.68 per cent) grew by 7.79 per cent during April-March 2010-11, as compared to growth rate of 10.54 per cent achieved during April-March 2009-10.

The Money supply stood at ₹64,96,747 crore as at March 25, 2011 registering a y-o-y growth of 16.0 per cent as compared to the growth rate of 17.1 per cent registered during the corresponding period of the previous year. This slow growth was largely associated with the deceleration in the growth of deposits during the fiscal 2010-11. The growth of net bank credit to government remained considerably low at 16.2 per cent in 2010-11(Up to March 25, 2011) as compared to 30.4 per cent in 2009-10, leading to a sluggish growth in broad money.

The average inflation measured in terms of Wholesale Price Index (WPI) rate, for the last 12 months (April 2010 to March 2011) stood at 9.4 per cent as compared to 3.6 per cent during the corresponding period in 2009-10.

Banking Scenario

Aggregate deposits of Scheduled Commercial Banks (SCBs) grew y-o-y by 15.8 per cent to ₹ 52,04,703 crore during the year (Up to March 25, 2011) as compared to 17.2 per cent registered during the corresponding period of the previous year. Demand deposits declined by 1.02 per cent during the year (as at March 25, 2011) whereas time deposits grew by 18.67 per cent to ₹ 45, 65,681 crore during the period.

Gross Bank Credit of Scheduled Commercial Banks (SCBs) increased by 21.4 per cent to ₹ 39,38,659 crore as compared to increase of 16.9 per cent during the corresponding period of the last year. The Non-Food credit stood at ₹ 38,74,376 crore as at March 25, 2011 recording a growth of 21.2 per cent as compared to an increase of 16.9 per cent during the corresponding period of the last year.

Scheduled Commercial Banks' (SCBs') investments in government and other approved securities grew by 8.3 per cent to ₹ 15,00,039 crore during 2010-11 (Up to March 25, 2011) as compared to growth of 18.7 per cent registered during corresponding period of the last year.

External sector

The cumulative value of Exports from India in US dollar terms increased by 37.55 per cent to USD 2,45,868 million during April-March, 2010-11 as compared to USD 1,78,751 million registered during April-March, 2009-10; whereas the cumulative value of imports during April-March, 2010-11, stood at USD 3,50,695 million, an increase of 21.61 per cent over USD 2,88,373 million registered during the previous year.

अप्रैल 2010 से मार्च 2011 के दौरान तेल का आयात 1,01,689 मिलियन अमेरिकी डॉलर था जो कि अप्रैल 2009 से मार्च 2010 की अवधि के दौरान 87,136 मिलियन अमेरिकी डॉलर में 21.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल 2010 से मार्च 2011 के दौरान व्यापार घाटा 1,04,827 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। अप्रैल 2010-11 के दौरान प्राक्कलित घाटा यू एस डी 1,04,827 मिलियन प्राक्कलित किया गया जो अप्रैल–मार्च 2009-10 के घाटे यू एस डी 1,09,621 मिलियन की तुलना में कम है ।

25 मार्च 2011 की स्थिति में विदेशी विनिमय कोष यू एस डी 303.5 बिलियन के स्तर को पार कर चुका है। मार्च 26, 2010 में यू एस डी 252.8 बिलियन के मुकाबले 25 मार्च 2011 की स्थिति में विदेशी मुद्रा आस्तियाँ यू एस डी 273.7 बिलियन रहीं।

मार्च 2010 की तुलना में मार्च 2011 के दौरान पाउंड स्टर्लिंग के मुकाबले रुपये का ह्रास 6.2 प्रतिशत, जापानी येन की तुलना में 9.57 प्रतिशत तथा यूरो मुद्रा के मुकाबले 1.94 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का मूल्य 1.16 प्रतिशत बढ़ा ।

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2009-10 के दौरान यू एस डी 25.83 बिलियन से 24.78 प्रतिशत घटकर वर्ष 2010-11 के दौरान यू एस डी19.43 बिलियन हो गया।

आधार दर का शुभारंभ

आधार ब्याज दर प्रणाली ने भारतीय बैंकिंग उद्योग में विनियमन एवं पारदर्शिता के संदर्भ में एक नए युग की शुरुआत की है। आधार ब्याज दर ने वर्ष 2003 में शुरू की गई आधारभूत मूल उधार दर को प्रतिस्थापित कर दिया है। आधार ब्याज दर प्रणाली के शुभारंभ ने नीतियों के संचालन को और प्रभावी एवं सहज बना दिया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार 01 जुलाई 2010 से बैंक ने आधार ब्याज दर प्रणाली को अपनाया है।

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक के निष्पादन के मुख्य अंश

प्रदत्त पूंजी

31 मार्च 2010 की स्थिति में बैंक की प्राधिकृत शेयर पूंजी प्रतिशेयर ₹10 की दर से 300,00,00,000 ईक्विटी शेयर के स्वरूप में ₹ 300 करोड़ थी और प्रदत्त पूंजी ₹ 573.29 करोड़ थी।

प्रारक्षित एवं आधिक्य

वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक की प्रारक्षित एवं आधिक्य निधि ₹ 5,105.08 करोड़ से बढ़कर ₹ 6477.55 करोड़ हो गई।

शुद्ध मालियत

बैंक की शुद्ध मालियत (प्रारक्षित निधियों के पुनर्मूल्यन को छोड़कर) 31 मार्च 2010 के ₹ 5,222.86 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2011 को ₹ 6,656.94 करोड़ हो गई है।

लाभांश

निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2011 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 37 प्रतिशत अंतिम लाभांश का प्रस्ताव भारत सरकार के अनुमोदन की प्रत्याशा के साथ किया है। वर्ष 2010-11 के दौरान लाभांश कर सहित के बतौर ₹ 246.53 करोड़ राशि वितरित की जाएगी।

कुल कारोबार

बैंक ने 31 मार्च 2010 की स्थिति में दर्ज कुल कारोबार ₹ 2,08,476 करोड़ में 17.01 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 31 मार्च 2011 की स्थिति में कुल कारोबार ₹ 2,43,946 करोड़ दर्ज किया है। इसके साथ ही, बैंक

Oil imports during April-March, 2010-11, were valued at USD 1,01,689 million, which is 16.7 per cent higher than USD 87,136 million during April-March, 2009-10. The trade deficit during April-March, 2010-11 was estimated at USD 1,04,827 million which is lower as compared to deficit of USD 1,09,621 million recorded during April-March, 2009-10.

Foreign exchange reserves have crossed the level of USD 303.5 billion as at March 25, 2011. Foreign Currency Assets stood at USD 273.7 billion as at March 25, 2011 as compared to USD 252.8 billion as at March 26, 2010.

The rupee depreciated by 6.24 per cent against Pound Sterling, 9.57 per cent against Japanese yen, 1.94 per cent against Euro and appreciated by 1.16 per cent against US dollar in the month of March 2011 over March 2010.

Foreign Direct Investment (FDI) inflows into India declined by 24.78 per cent from USD 25.83 billion in 2009-10 to USD 19.43 billion in 2010-11.

Introduction of Base Rate

The introduction of the Base Rate system has heralded a new era of "regulation and transparency" in the Indian banking industry. The "Base Rate" has replaced the erstwhile "Benchmark Prime Lending Rate" (BPLR) which was introduced in 2003. With the introduction of the Base Rate System, policy transmission has become more effective and easy. The Bank has adopted the Base Rate system with effect from July 01, 2010 as per the directions of the Reserve Bank of India.

PERFORMANCE HIGHLIGHTS OF THE BANK DURING THE FINANCIAL YEAR 2010-11

Paid-up Capital

As at March 31, 2011 the authorized share capital of the Bank was ₹ 3,000 crore (300,00,00,000 equity shares of ₹ 10/- each) and the paid-up capital was ₹ 573.29 crore.

Reserves & Surplus

The Reserves and Surplus of the Bank increased to ₹ 6,477.55 crore in 2010-11 from ₹ 5,105.08 crore in 2009-10.

Net worth

The Net Worth of the Bank (excluding revaluation reserves) increased to ₹ 6,656.94 crore as at March 31, 2011 compared to ₹ 5,222.86 crore as at March 31, 2010.

Dividend

The Board of directors have proposed, subject to the approval of Govt. of India, a final dividend of 37 per cent for the year ended March 31, 2011. The total outgo in the form of dividend (inclusive of dividend Tax) during the year 2010-11 would amount to ₹ 246.53 crore.

Total Business

The Global Business of the Bank stood at ₹ 2,43,946 crore as at March 31, 2011 as against ₹ 2,08,476 crore as at March 31, 2010 registering a growth of 17.01 per cent;

ने वर्ष 2009-10 के दौरान घरेलू कारोबार में ₹ 1,92,288 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2010-11 के दौरान इसमें 16.66 प्रतिशत वृद्धि की है तथा यह ₹ 2,24,331 करोड़ तक पहुँच गया है।

जमाराशि में वृद्धि

15.87 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बैंक की सकल जमाराशियां 31 मार्च 2010 की स्थिति में ₹ 1,17,026 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2011 को ₹ 1,35,596 करोड़ दर्ज की गईं। इसी तरह, बैंक की घरेलू जमाराशियों में वर्ष 2009-10 की स्थिति में ₹ 1,09,689 करोड़ के स्थान पर 15.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई तथा वर्ष 2010-11 के दौरान ये ₹ 1,26,796 करोड़ तक पहुँच गईं।

कासा जमाराशियां

बैंक की कासा जमाराशियों में 31 मार्च 2010 की स्थिति में 15.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई तथा यह ₹ 36,551 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2011 को ₹ 41,945 करोड़ तक पहुँच गईं। कुल जमाराशियों के अनुपात में 31 मार्च 2011 की स्थिति में कासा जमाराशियाँ 31 प्रतिशत रहीं। कम लागत वाली जमाराशियों में विशेष ध्यान देने के फलस्वरूप जमाराशि लागत में वर्ष 2009-10 के 6.14 प्रतिशत की तुलना में कमी आई तथा यह 2010-11 के दौरान 5.43 प्रतिशत दर्ज की गई।

ऋण प्रसार

पिछले वर्ष की तुलना में 18.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2011 की स्थिति में बैंक का कुल अर्थात सार्वभौमिक अग्रिम ₹ 1,08,350 करोड़ दर्ज किया गया। घरेलू अग्रिम के क्षेत्र में भी 18.08 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2010 के दौरान ₹ 82,599 करोड़ के मुकाबले यह 31 मार्च 2011 की स्थिति में ₹ 97,535 करोड़ दर्ज किया गया।

वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों में निरंतर वृद्धि की है तथा विशेषत: कृषि, ग्रामीण गतिविधियों एवं छोटे/माध्यम उद्यमियों को ऋण प्रदान किए हैं। बैंक ने वाणिज्यिक स्तर पर जमीन/जायदाद से जुड़े क्षेत्रों एवं पूंजी बाजार को ऋण प्रदान करते समय पूरी सावधानी बरतते हुए जोखिम का समुचित आकलन करते हुए चयनित आधार पर कार्रवाई की है।

निष्पादन के प्रभावी आकलन करने की बैंक की अपनी सुव्यवस्थित प्रणाली है तथा औद्योगिक क्षेत्रों को परखते हुए विकासोन्मुखी क्षेत्रों को ऋण देने में वरीयता प्रदान की जाती है। पूरे देश की भौगोलिक स्थिति के अनुसार विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक का ऋण प्रभाग वैविध्यपूर्ण है।

वर्ष 2010-11 के दौरान वित्तीय निष्पादन

लाभप्रदता

31 मार्च 2010 को अर्जित परिचालनात्मक लाभ ₹ 1,873 करोड़ के मुकाबले 31 मार्च 2011 को बैंक का परिचालनात्मक लाभ ₹ 2,750 करोड़ दर्ज किया गया अर्थात 46.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके साथ ही बैंक के निवल लाभ में वर्ष 2009-10 की स्थिति में ₹ 813 करोड़ की तुलना में 28.91 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2011 को यह ₹ 1,048 करोड़ दर्ज किया गया।

आय और व्यय

पिछले वर्ष की स्थिति में अर्जित कुल आय ₹ 11,214.64 करोड़ की तुलना में 10.27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2011 की स्थिति में यह आय ₹ 12,365.98 करोड़ दर्ज की गयी। जबकि व्यय के संदर्भ में 8.81 प्रतिशत की कम दर पर वृद्धि हुई तथा 31 मार्च 2010 की तुलना में यह ₹ 10,401.32 करोड़ के स्थान पर 31 मार्च 2011 को ₹ 11,318.03 करोड़ दर्ज किया गया।

ब्याजी आय में 13.97 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31-3-2010 के ₹ 10,047.18 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2011 को यह ₹ 11,450.86

whereas domestic business grew by 16.66 per cent to ₹ 2,24,331 crore in 2010-11 from ₹ 1,92,288 crore in 2009-10.

Deposit Growth

Global Deposits of the Bank rose to ₹ 1,35,596 crore as at March 31, 2011 from ₹ 1,17,026 crore as at March 31, 2010 registering a growth of 15.87 per cent. The domestic deposits grew by 15.60 per cent to ₹ 1,26,796 crore in 2010-11 from ₹ 1,09,689 crore in 2009-10.

CASA Deposits

CASA deposits of the Bank grew by 14.76 per cent from ₹ 36,551 crore as at March 31, 2010 to ₹ 41,945 crore as at March 31, 2011. Percentage of CASA deposits to total deposits stood at 31 per cent as at March 31, 2011. The focus on low-cost deposits resulted in reduction in cost of deposits from 6.14 per cent in 2009-10 to 5.43 per cent in 2010-11.

Credit Expansion

Global advances of the Bank stood at ₹ 1,08,350 crore as at March 31, 2011 registering a growth of 18.48 per cent over the previous year. Domestic advances grew by 18.08 per cent from ₹ 82,599 crore as at March 31, 2010 to ₹ 97,535 crore as at March 31, 2011.

During the year, the Bank has continued its growth under Priority Sector lending, especially to agriculture, rural activities and lending to SMEs. The Bank has adopted a cautious approach while extending credit to commercial real estate and capital market, that too on a selective basis and after making a detailed risk assessment.

The Bank has a system of continuous assessment of performance and the outlook of various industries and lends to growth-oriented sectors. The Bank has continued to maintain diversified credit portfolio covering different sectors of the industry and geographical areas across the country.

FINANCIAL PERFORMANCE DURING 2010-11

Profitability

The Operating Profit of the Bank for the year ended March 31, 2011 stood at ₹ 2,750 crore compared to ₹ 1,873 crore as at March 31, 2010 registering a growth of 46.82 per cent. Net profit of the Bank, on the other hand, grew by 28.91 per cent from ₹ 813 crore in 2009-10 to ₹ 1,048 crore in 2010-11.

Income & Expenditure

The Bank's total income grew by 10.27 per cent to ₹ 12,365.98 crore as at March 31, 2011 from ₹ 11,214.64 crore in the previous year. On the contrary, total expenses grew at a lesser rate of 8.81 per cent to ₹ 11,318.03 crore as at March 31, 2011 from ₹ 10,401.32 crore in the previous year.

Interest income for the year 2010-11 improved by 13.97 per cent from ₹ 10,047.18 crore in 2009-10 to ₹ 11,450.86

करोड़ दर्ज किया गया। जबकि ब्याज के विस्तार में 31 मार्च 2010 की तुलना में 3.27 प्रतिशत की कमी हुई तथा यह ₹ 7,307.37 करोड़ के मुकाबले 31 मार्च 2011 को ₹ 7,068.10 करोड़ दर्ज किया गया।

महत्वपूर्ण निष्पादन अनुपात

क) अग्रिमों पर औसत अर्जन में 2009-10 के 9.40 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2010-11 के दौरान 9.52 प्रतिशत तक सुधार हुआ।

ख) जमाराशियों की लागत 2009-10 के 6.14 प्रतिशत से घटकर 2010-11 को 5.43 प्रतिशत हो गई।

ग) बैंक का निवल ब्याज मार्जिन (एन.आइ.एम.) वर्ष 2009-10 के 2.35 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2010-11 में 3.40 प्रतिशत हो गया है।

घ) आस्तियों पर प्रतिलाभ वर्ष 2009-10 के 0.62 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2010-11 में 0.76 प्रतिशत हो गया है।

ङ) पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बासल ॥ के अनुसार) वर्ष 2009-10 के 12.70 प्रतिशत से सुधार हुआ है, जो 2010-11 में 13.04 प्रतिशत हो गया है ।

च) बैंक का प्रति शेयर बही मूल्य 31मार्च 2010 के ₹ 107.80 से बढ़कर दि. 31 मार्च 2011 को ₹ 122.99 हो गया है।

छ) बैंक का प्रति शेयर अर्जन (ई.पी.एस.) 31 मार्च 2010 के ₹ 15.58 से बढ़कर दि. 31 मार्च 2011 को ₹ 20.03 हो गया है ।

ज) बैंक का प्रॉविज़न कवरेज अनुपात 31 मार्च 2010 के 73.31 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2011 को 77.18 प्रतिशत हो गया है जो भा.रि.बैं. द्वारा निर्दिष्ट अधिदेशात्मक लक्ष्य 70 प्रतिशत से काफी अधिक है ।

झ) बैंक का ऋण जमा अनुपात 31मार्च 2010 को 78.15 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2011 को 79.91 प्रतिशत हो गया है ।

ञ) निवल अग्रिमों के तुलना में निवल अनर्जक आस्तियां वर्ष 2009-2010 के 1.07 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2010 - 2011 में 0.97 प्रतिशत हो गयी हैं ।

ट) प्रति कर्मचारी कारोबार 31 मार्च 2010 के ₹ 7.47 करोड से बढ़कर 31 मार्च 2011 में ₹ 8.75 करोड हो गया है।

ठ) प्रति कर्मचारी लाभ 31 मार्च 2010 के ₹ 3.18 लाख से बढ़कर 31 मार्च 2011 को ₹ 3.99 लाख हो गया है।

खुदरा बैंकिंग

हाल के वर्षों के दौरान खुदरा बैंकिंग में चूक की घटनाओं में वृद्धि पायी गयी हैं। बैंक ने जहाँ कहीं आवश्यकता है वहां मानदण्डों को कड़ा करके खुदरा ऋणों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। इस संविभाग में वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सम्यक् तत्परता युक्त दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

बैंक ने अपनी ऋण नीतियों को पुनर्निर्धारित किया है और उत्पादों को बाजार की आवश्यकताओं के आधार पर परिवर्तनशील करते हुए उन्हें पुन: संरचित किया है, ताकि इस क्षेत्र की जरूरतों को पूरा किया जा सके ।

इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विकास के लिए कुछ ब्रॉंड उत्पादों का चयन किया गया है जैसे, सिंडनिवास, सिंडविद्या, सिंडवाहन, सिंडस्वर्ण, सिंडरेंट, के मामले में बैंक ने बाजार की दृष्टि से अपना ध्यान केंद्रित किया है । वेतनभोगी कर्मचारियों को व्यक्तिगत ऋण देने के मामले में सावधानी पूर्वक पर्याप्त ध्यान दिया गया है ।

31 मार्च 2011 को समाप्त राजकोषीय वर्ष के दौरान खुदरा ऋण की प्रतिशतता में 31 मार्च 2010 को समाप्त राजकोषीय वर्ष की तुलना में

crore in 2010-11, whereas the interest expended declined by 3.27 per cent to ₹ 7,068.10 crore in 2010-11 from ₹ 7,307.37 crore expended in 2009-10.

Key Performance Ratios

a. The average yield on advances improved to 9.52 per cent in 2010-11 from 9.40 per cent in 2009-10.
b. The cost of deposits of the Bank declined to 5.43 per cent in 2010-11 compared to 6.14 per cent in 2009-10.
c. The Bank's Net Interest Margin (NIM) improved from 2.35 per cent in 2009-10 to 3.40 per cent in 2010-11.
d. The Return on Assets improved from 0.62 per cent in 2009-10 to 0.76 per cent in 2010-11.
e. Capital Adequacy ratio (as per Basel II) improved from 12.70 per cent in 2009-10 to 13.04 per cent in 2010-11.
f. The Book Value per share of the Bank improved to ₹122.99 as at March 31, 2011 from ₹107.80 as at March 31, 2010.
g. The Earning per share (EPS) of the Bank improved from ₹15.58 as at March 31, 2010 to ₹20.03 as at March 31, 2011.
h. The provision coverage ratio of the Bank improved from 73.31 per cent as at March 31, 2010 to 77.18 per cent as at March 31, 2011 which is well above the mandatory 70 per cent stipulated by RBI.
i. The Credit-Deposit Ratio of the Bank improved to 79.91 per cent as at March 31, 2011 from 78.15 per cent as at March 31, 2010.
j. Net NPA percentage to net advances declined from 1.07 per cent in 2009-10 to 0.97 per cent in 2010-11.
k. Business per employee improved from ₹7.47 crore as at March 31, 2010 to ₹8.75 crore as at March 31, 2011.
l. Profit per employee improved from ₹3.18 lakh as at March 31, 2010 to ₹3.99 lakh as at March 31, 2011.

RETAIL BANKING

Retail Banking, in recent years has seen an increasing incidence of default. Bank has taken adequate steps, wherever necessary, to improve the quality of retail lending by tightening the norms. A cautious approach is adopted by moderating the growth in this segment by focusing on due diligence.

The Bank has redesigned strategies and repositioned products falling in line with the market trends and has been customizing various products continuously to meet the ever changing market requirements thus enabling continuity in the growth of the portfolio.

To achieve qualitative growth under select branded products viz., SyndNivas, SyndVidya, SyndSwarna, SyndVahan and SyndRent, the Bank has adopted a focused lending approach coupled with marketing initiatives. A cautious approach is taken in giving personal loans with more emphasis on lending to salaried class.

During the fiscal year ended 31 March 2011, the growth in retail credit was 13.21 percent over the fiscal year ended

13.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दि. 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार बैंक के कुल बकाया घरेलू ऋण और अग्रिमों की राशि ₹22,663.05 करोड़ थी, जो सकल घरेलू अग्रिमों की कुल बकाया राशि का 23.22 प्रतिशत है।

31 मार्च, 2011 की स्थिति के अनुसार विभिन्न खुदरा ऋण योजनाओं के अंतर्गत बकाया राशियों के ब्यौरे निम्नवत् है: (₹ करोड़ में)

ब्यौरे	बकाया राशि	खुदरा ऋणों की प्रतिशतता
आवास ऋण – प्रत्यक्ष i) प्राथमिकता ii) गैर–प्राथमिकता	 7012.01 1108.00	 7.19% 1.14%
कुल	8120.01	8.33%
व्यक्तिगत ऋण	5326.08	5.46%
बंधक ऋण (सिंड मार्टगेज, प्रतिवर्ती बंधक और सिंड रेंट	1473.18	1.51%
व्यापारी ऋण (एस.एल.यू. सिंड व्यापार और सिंड एस.एम.सी. आर.)	3242.11	3.32%
शिक्षा ऋण	1902.85	1.95%
सिंड स्वर्ण	1934.55	1.98%
अन्य (सिंड पिग्मी)	664.27	0.68%
कुल	22663.05	23.24%

क) सिंड निवास:

दि. 31 मार्च 2011 को आवास ऋण ₹ 8,120.01 करोड़ रहा, जिसमें ग्राहक आधार 1,65.818 रहा।

मार्च 2011 के अंत तक आवास ऋण (प्राथमिकता क्षेत्र) के अंतर्गत बकाया अग्रिम ₹ 7,012.01 करोड़ रहा।

आवास ऋणों के संसाधन हेतु 12 केंद्रों में केन्द्रीकृत संसाधन केंद्र की स्थापना की गयी है और ऋण डेलिवरी प्रक्रिया में जबर्दस्त परिवर्तन लाने के लिए इसे अन्य चयनित केन्द्रों में भी स्थापित किया जाएगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत ऋण प्रस्तावों को कुशल अधिकारियों द्वारा शीघ्रता से संसाधित किया जाएगा। इससे ऋण संवितरण की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। प्रतिष्ठित भवन निर्माताओं की अनुमोदित परियोजनाओं पर आवास ऋण देने के मामले में विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

ख) सिंड विद्या:

राजकोषीय वर्ष 2010-2011 के दौरान शिक्षा ऋण संविभाग में जबर्दस्त वृद्धि हुई है, जो दि. 31 मार्च 2010 के ₹ 1,459.72 करोड से बढ़कर 31 मार्च 2011 के अंत में ₹ 1,902.85 करोड हो गया है, जो 30.36 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

i) योजना के अंतर्गत प्रदान की गयी विशेष रियायते:

अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी के सभी छात्र लागू ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की छूट के लिए पात्र हैं। सभी छात्राएं लागू ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की छूट के लिए पात्र हैं।

ii) बैंक शिक्षा ऋणों पर उसके चुकौती अवकाश/अधिस्थगन अवधि के दौरान साधारण ब्याज प्रभारित करता है।

iii) तीसरे पक्षकार की गारंटी निविष्ट करने/प्रतिभूति प्रदान करने के मामले में संपूर्ण परिवार को एक यूनिट समझने के बजाय प्रत्येक

31 March 2010. The Bank's total outstanding domestic retail loans and advances amounted to ₹22,663.05 crore as at March 31, 2011 constituting 23.22 percent of the total outstanding gross domestic advances.

Outstanding position under various retail credit schemes as at March 31, 2011 is furnished herebelow:

(₹ crore)

Description	Amount outstanding	Percent to total loans
Housing Loans - Direct i) Priority ii) Non priority	 7012.01 1108.00	 7.19% 1.14%
Total	8120.01	8.33%
Personal Loans	5326.08	5.46%
Mortgage Loans (SyndMortgage, Reverse Mortgage & SyndRent)	1473.18	1.51%
Trader Loans (SLUCC, SyndVyapar & SyndSMCR)	3242.11	3.32%
Educational Loans	1902.85	1.95%
SyndSwarna	1934.55	1.98%
Others	664.27	0.68%
Total	22663.05	23.24%

(a) SyndNivas :

The outstanding advances under Housing Loan stood at ₹8,120.01 crore as at March 31, 2011 with a clientele base of 1,65,818.

The outstanding advances under Housing loans (Priority Sector) stood at ₹7,012.01 crore as at the end of March 2011.

Centralised Processing Centres (CPC) for processing Housing Loans have been established in 11 centres and will be replicated in other identified centres also to bring about a drastic transformation in the loan delivery process. CPCs will ensure quick processing of loans by trained officers with greater accuracy resulting in ease of delivery. Focus is also given on sanction of HL to approved projects of reputed builders.

(b) SyndiVidya:

During the fiscal year 2010-11, the Education Loan portfolio witnessed an increase from ₹1,459.72 crore as at March 31, 2010 to ₹1,902.85 crore as at March 31, 2011 registering a growth of 30.36 per cent.

i) Special concessions are extended under the scheme:

All Students belonging to SC/ST category are eligible for concession of 0.50 per cent on the applicable rates of interest and all girl students are eligible for concession of 0.50 per cent on the applicable rates of interest.

ii) The Bank is charging simple interest during the Repayment holiday/moratorium period on Education loans.

iii) Each child is treated as a separate unit for stipulating 3rd party guarantee/providing security,

बच्चे को एक यूनिट माना जाएगा । (यानी तीसरे पक्षकार की गारंटी / प्रतिभूति प्रदान करने के उद्देश्य हेतु सभी बच्चों की सीमाओं को सम्मिलित करना)।

ग) सिंड वाहन:

विभिन्न आटो उत्पादकों के साथ की गयी गठजोड व्यवस्था से बैंक को पर्याप्त लाभ हुआ है। दि. 31-03-2011 को समाप्त वर्ष के दौरान इस तरह से इस वर्ष इस में 21.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई तथा वर्षांत तक इसकी कुल बकाया राशि ₹ 983.46 करोड़ थी।

घ) सिंड स्वर्ण:

31-3-2011 को स्वर्णाभूषण/सोना की जमानत पर दिए गए ऋणों के अंतर्गत बकाया राशि ₹ 1,934.55 करोड़ तक पहुँच गयी है। पिछले वर्ष 31-3-2010 को ₹ 1,461.70 करोड़ थी, जो 32.35 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है ।

ङ) सिंड रेंट:

हाल ही में, इस योजना को सरल बनाया गया है और अगले वित्तीय वर्ष के दौरान इस में जबर्दस्त वृद्धि होने की संभावना है। इस में निरंतर नकद प्रवाह तथा पर्याप्त प्रतिभूति को कवर किया गया है ।

राजकोष और अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

राजकोष

बैंक का घरेलू निवेश दि. 31 मार्च 2010 के 32,778.36 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2011 को ₹ 34,954.27 करोड़ रहा। निवेश संविभाग से प्राप्त कुल आय (व्यापार लाभ को छोड़कर) वित्तीय वर्ष 2009-10 के ₹ 2,335.49 करोड़ की तुलना में वर्ष 2010-11 के लिए ₹ 2,265.13 करोड़ रही। एस.एल.आर. प्रतिभूतियों पर बैंक का निवेश ₹ 30,345.92 करोड़ हो गया है, जो 31-03-2011 को बैंक के कुल निवेशों का 86.82 प्रतिशत बनता है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग

अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग, मुंबई बैंक का एकमात्र ''श्रेणी ए'' का कार्यालय है। अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग, मुंबई में स्थित बैंक के केंद्रीकृत डीलिंग रूम को नई दिल्ली और बेंगलूर में स्थित दो लिंक डीलिंग केंद्रों से समर्थन प्रदान किया जाता है। ओवरसीज़ काउंटर पार्टी बैंकों के साथ स्टेट-ऑफ-द-आर्ट वेब प्लेटफार्म का प्रयोग करके वेब आधारित व्यापार करनेवाला हमारा बैंक प्रथम बैंक है। बैंक की 87 नामोद्दिष्ट शाखाएं (श्रेणी ''बी'') हैं, जो स्वयंपूर्ण विदेशी विनिमय व्यवहारों को संभालती हैं और 373 नामोद्दिष्ट शाखाएं हैं, जो बैंक के एफ.सी.एन.आर. कारोबार को संभालती हैं। बैंक की सभी शाखाओं में एनआरई/एनआरओ जमाराशियाँ स्वीकार की जाती हैं।

अंतर बैंक विदेशी विनिमय लेन-देन का भुगतान यू.एस.डी./आइ.एन.आर. में करने के लिए क्लीयरिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सी.सी.आइ. एल.) का बैंक एक सदस्य है। फॉरैक्स फॉरवर्ड सेगमेंट संबंधी अंतर-बैंक यूएसडी/आरएनआर संबंधी व्यापार सेगमेंट के लिए बैंक सीसीआईएल का सदस्य है। इसके अलावा, बैंक उन बैंकों में से पहला बैंक है, जो सी.सी. आई.एल. के द्वारा विभिन्न मुद्राओं में लेन-देन हेतु निरंतर संपर्क निपटान (सीएलएस) के साथ कार्य करते हैं। ये दोनों पहल भुगतान जोखिम के मामले से संबंध रखते हैं और भुगतान प्रक्रिया की कुशलता में सुधार लाते हैं। बैंक द्वारा केवल बिलकुल सादा व्युत्पन्न प्रदान किए जाते हैं और कोई जटिल व्युत्पन्न उत्पाद प्रदान नहीं किए जाते हैं। मौजूदा किसी भी व्युत्पन्न कारोबार के संबंध में बैंक के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं है।

in place of treating the whole family as a unit (i.e., clubbing the limits of all the children together for the purpose of 3rd party guarantee/providing security).

(c) SyndVahan:

The tie-up arrangements entered into with various auto manufacturers enabled the Bank to increase the portfolio on select basis. The portfolio registered a growth of 21.72 % during the year ended 31.03.2011 with an outstanding of ₹983.46 crores at the year end.

(d) SyndSwarna:

The outstanding balnce under SyndSwarna loans against jewellery/gold reached ₹1,934.5 crore as at 31.03.2011 as against ₹1,461.70 crore as at 31.03.2010, registering an increase of 32.35 percent.

(e) SyndRent:

The Bank has modified the scheme to increase the loan portfolio under this segment considering assured cash flows and substantial security coverage.

TREASURY AND INTERNATIONAL OPERATIONS

Treasury

The domestic investments of the Bank were at ₹ 34,954.27crore as on March 31, 2011 as against ₹ 32,778.36 crore as on March 31, 2010. Total income from investment portfolio (excluding trading profits) for the FY 2010-11 was ₹ 2,265.13 crore against ₹ 2,335.49 crore for the FY 2009-10. Bank's investment in SLR securities amounted to ₹ 30,345.92 crore which formed 86.82 per cent of the Bank's aggregate investments as on March 31, 2011.

International Division

International Division, Mumbai is the "Category A" office of the Bank. The Bank's centralized dealing room at International Division, Mumbai is supported by the two Link Dealing centres at NEW DELHI and BANGALORE. The Bank is one of the first to undertake WEB-BASED trading with Overseas counter party banks by using state-of-the-art WEB PLATFORMS. The Bank is having 87 designated Branches (Category B) to handle full-fledged FX transactions and 373 nominated branches to handle the FCNR BUSINESS of the Bank. NRE/NRO deposits are accepted at all branches of the Bank.

The Bank is a member of CLEARING CORPORATION OF INDIA LTD.,(CCIL) for settlement of Inter Bank Forex Deals in USD/INR and for settlement of Inter Bank USD/INR deals in the Forex Forward Segment. Further, the Bank is one of the first Banks to participate in CONTINUOUS LINKED SETTLEMENT (CLS) for Cross Currency Deals by CCIL. These initiatives address the issue of settlement risk and improve the efficiency of settlement process. The Bank offers only plain vanilla derivatives. It does not offer complex derivative products. There is no litigation against the Bank in respect of existing derivative transactions.

मुद्रा–वायदे का व्यापार करने के लिए बैंक दो विनिमय कंपनियों अर्थात्, एमसीएक्स–एसएक्स और एनएसई का व्यापार–सह–समाशोधन सदस्य बन गया है। 31 मार्च, 2011 को बैंक का कुल फारेक्स टर्नओवर ₹ 4,33,099.84 करोड़ (मुद्रा वायदा सहित) था। बैंक का अंतर बैंक टर्नओवर 31 मार्च, 2011 को ₹ 3,74,736.09 करोड़ रहा।

निर्यात वित्त

निर्यात ऋण की बकाया राशि 31 मार्च, 2011 को ₹ 1,943.80 करोड़ हो गयी है। बैंक ने निर्यात क्षेत्र को ऋण की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय किए हैं। सिंडएक्सपोर्ट गोल्ड कार्ड योजना के तहत पात्र निर्यातकों को रियायती और अधिमान्यता शर्तों पर ऋण प्रदान किया जाता है और इसके दायरे को और बढ़ाया गया ताकि और अधिक निर्यातकों को उसमें शामिल किया जा सके । भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित उच्चतम सीमा के भीतर स्पर्धात्मक ब्याज दरों में रुपया निर्यात ऋण प्रदान किया गया। बैंक द्वारा कुछ निर्धारित क्षेत्रों में अपने ग्राहकों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट रूपरेखा के अनुसार, ब्याज अनुदान योजना उपलब्ध कराके रियायती ब्याज दर का लाभ प्रदान किया गया।

श्रम प्रधान, प्रौद्योगिकी प्रधान और मूल्य वर्धित उत्पादों में वृद्धि करने के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक निर्यात प्रोत्साहन योजनाएँ घोषित की गयी हैं। इसका लाभ उठाते हुए बैंक अपने कारोबार को बढ़ाने और निष्पादन में सुधार करने की दिशा में प्रयत्नशील है ।

विनिमय कंपनियाँ

1. बैंक द्वारा निम्नलिखित दो विनिमय गृहों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया जाता है:
   - मेसर्स नेशनल एक्स्चेंज कंपनी, डब्ल्यू.एल.एल., दोहा कतार।
   - मेसर्स मुसंडम एक्स्चेंज कंपनी, सल्तनत ऑफ ओमॉन।
2. खाड़ी स्थित निम्नलिखित विनिमय गृहों के साथ बैंक ने रुपया आहरण व्यवस्था कायम की है:
   - मेसर्स वॉल स्ट्रीट एक्स्चेंज सेंटर, दुबई
   - मेसर्स रेधा अल अंसारी एक्स्चेंज ईएसटी, दुबई
   - मेसर्स हबीब एक्स्चेंज कं, शारजाह
   - मेसर्स अल रजौकी इंटरनेशनल एक्स्चेंज, दुबई
   - मेसर्स अल अंसारी एक्स्चेंज कं, आबु धाबी
   - मेसर्स नेशनल फाइनॉन्स एंड एक्स्चेंज कं, बहरीन
   - मेसर्स नेशनल एक्स्चेंज कं., कुवैत
   - मेसर्स जेन्ज एक्स्चेंज कं., बहरीन
   - मेसर्स फेडरल एक्स्चेंज कं., दुबई
   - मेसर्स अल फलाह एक्स्चेंज कंपनी, आबु धाबी
   - मेसर्स यूएई एक्स्चेंज सेंटर एलएलसी, आबु धाबी

बैंक के पास खाड़ी से भारत को बेहतर एवं किफायती निधि अंतरण के लिए 9 विनिमय गृहों के साथ त्वरित विप्रेषण व्यवस्था है।

समुद्रपारीय परिचालन

विदेश में बैंक की केवल एक शाखा युनाइटेड किंगडम के लंदन में है। यह कोष और विदेशी विनिमय डीलिंग परिचालनों के अलावा, मुद्रा बाजार परिचालनों में भी सक्रिय है। यह शाखा, भारतीय सिंडिकेशनों और ई.सी.बी. पर ध्यान केंद्रित करती है। इसके साथ भारतीय कार्पोरेट शामिल हैं जो वैश्विक बन रहे हैं, इससे शाखा को कारोबार का नया आयाम मिला है।

शाखा का कारोबार दि.31-03-2010 के जी.बी.पी. 2,719.737 मिलियन से बढ़कर दि. 31-03-2011 को जी.बी.पी. 3,078.698 मिलियन हो गया है।

The Bank has become Trading-cum-Clearing Member on three exchanges, i.e., MCX-SX, NSE and USE for undertaking trading in Currency Futures. The total Forex Turnover of the Bank during the year stood at ₹ 4,33,099.84 crore (including currency futures). The Inter-Bank turnover of the Bank stood at ₹ 3,74,736.09 crore as at March 2011.

Export Finance

Export credit outstanding stood at ₹ 1,943.80 crore as at March 31, 2011. The Bank has initiated various measures to increase the flow of credit to the export sector. The coverage under the SyndExport Gold Card Scheme, a unique scheme for eligible exporters offering concessional and preferential terms, was broadened to include more number of exporters. Rupee export credit is offered at very competitive interest rates. The benefits of interest rate subvention scheme, as designed by Reserve Bank of India, has been made available by the Bank to its customers in certain specified sectors, thus reducing effective cost of interest.

To enhance competitiveness of labour intensive, technology intensive and value added products, several export incentives have been announced by Government of India. Taking advantage of this, the Bank expects to extend its outreach and improve its performance.

Exchange Companies

1. The Bank is successfully managing two Exchange Houses viz.,
   - M/s. National Exchange Co., WLL, Doha, Qatar.
   - M/s. Musandam Exchange Co., Sultanate of Oman.
2. The Bank is also having fruitful Rupee Drawing Arrangement with the following Exchange Houses in the Gulf:
   - M/s. Wall Street Exchange Centre, Dubai
   - M/s. Redha Al Ansari Exchange Est., Dubai
   - M/s. Habib Exchange Co., Sharjah
   - M/s. Al Razouki International Exchange, Dubai
   - M/s. Al Ansari Exchange Co., Abu Dhabi
   - M/s. National Finance & Exchange Co., Bahrain
   - M/s. National Exchange Co., Kuwait
   - M/s. Zenj Exchange Co., Bahrain
   - M/s. Federal Exchange Company, Dubai
   - M/s. Al Falah Exchange Company, Abu Dhabi
   - M/s. UAE Exchange Centre LLC, Abu Dhabi

The Bank has speed remittance arrangements with 9 Exchange Houses for improved and cost-effective funds transfer to India from the Gulf countries.

Overseas Operations

The Bank's only overseas presence is in UNITED KINGDOM at LONDON. The Branch is active in money market operations, besides treasury and forex dealing operations. The Branch also focuses on Indian syndications and ECBs. With Indian Corporates going global, the branch finds new opportunities of business.

The total business of the branch stood at GBP 3,078.698 Million as at 31-03-2011 as against GBP 2,719.737 Million as at 31-03-2010.

आस्ति गुणवत्ता और अनर्जक आस्तियों का प्रबंधन

बैंक ने अनर्जक आस्तियों के प्रबंधन को सबसे अधिक महत्व दिया है। ''आय को बढ़ाना और अनर्जक आस्तियों को कम करना'' इस पर वर्ष 2010-11 में काफी जोर दिया गया। अनर्जक आस्तियों के प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई और अनर्जक आस्तियों के स्तर को कम करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया, अनर्जक आस्तियों की नकद वसूली और वर्तमान अनर्जक आस्तियों के स्तरोन्नयन को महत्व दिया गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में आई गिरावट और इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ने के बावजूद बैंक सकल अनर्जक आस्तियों के स्तर को कुल उद्योग की तुलना में युक्तियुक्त स्तर तक रखने में सफल रहा है।

बैंक की वसूली नीति का लक्ष्य अनर्जक आस्तियों के प्रबंधन पर केंद्रित है और किसी भी श्रेणी की अनर्जक आस्ति खातों का समाधान करने में क्षेत्र कार्यकर्ताओं को मदद करती है। वसूली नीति में देय राशियों की वसूली से संबंधित तौर-तरीका, छूट/अपलेखन से संबंधित मानदंड, प्रत्यायोजित अधिकार, वसूली का बाह्य नियोजन, रिपोर्टिंग और निगरानी इत्यादि शामिल हैं। देय राशियों के निपटान करने के मामले में मैट्रिक्स चार्ट का अनुपालन किया जाता है जिससे उक्त प्रक्रिया अभेदात्मक हो जाती है।

बैंक ने बड़े उधारकर्ताओं से भेंट करके उच्च मूल्यवाले अनर्जक आस्तियों का निपटान किया और नैगम कार्यालय स्तर पर एक बारगी निपटान योजना के तहत 112 मामलों का निपटान किया गया जिसकी प्रस्ताव राशि ₹ 126.90 करोड़ थी और उसमें वर्ष 2010-11 के दौरान ₹ 41.53 करोड़ की राशि की वसूली हुई। बैंक ने कृषि ऋण राहत योजना 2008, संदिग्ध और हानि आस्ति श्रेणी के अंतर्गत मार्च 2010 तक ₹ 50,000/- और उस से कम बही शेषवाले छोटे एन पी ए खातों के अतंर्गत पात्र किसानों और माइक्रो और लघु उधार श्रेणी के अधीन आनेवाले उधारकर्ताओं से संबंधित प्रस्तावों पर विचार करने हेतु विशेष ओ टी एस प्रस्ताव शुरू किया।

अनर्जक खातों की वसूली को बढ़ाने के लिए ''मिलना, बात करना, निपटान करना'' दृष्टिकोण को शाखाओं द्वारा प्रभावी ढंग से प्रयोग किया गया। वर्ष के दौरान शाखाओं द्वारा आयोजित ''सिंड अदालत'' में देय राशियों का निपटान करके अनेक छोटे-छोटे एन.पी.ए. खातों को कम कर दिया गया है। वर्ष के दौरान क्षेत्रीय/समूह स्तर पर कुल 2,813 सिंड अदालत आयोजित किए गए और ₹ 121.79 करोड़ की प्रस्ताव राशि के साथ ₹ 78.32 करोड़ वसूल करते हुए 12,901 ओ टी एस मामलों का निपटान किया गया है।

प्रतिभूतिकरण अधिनियम (सरफेसी) 2002 के उपबंधों का प्रभावी ढंग से प्रयोग किया गया। वर्ष के दौरान विशेष गहन वसूली अभियान आयोजित किए गए और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी देय एन पी ए के मामले में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत सूचनाएं भेजी गयी हैं। बैंक ने नोटिस जारी करके और संपत्तियों को जब्त करवाकर वर्ष 2010-11 के दौरान ₹ 271.31 करोड़ की राशि वसूल की है। अधिक से अधिक प्रवर्तन एजेंसियों तथा अनुमोदित मूल्यांकनकर्ताओं को सूची में शामिल करके शाखा स्तर के प्रयासों को समर्थन दिया जा रहा है।

वसूली को बढ़ाने के उद्देश्य से मई से जुलाई 2010 तक 'सिंड रिकवरी' 1000 प्लस तथा जनवरी से मार्च 2011 तक वसूली अभियान आयोजित किए गए।

अत्यधिक अनर्जक खातोंवाली शाखाओं की सहायता करने के लिए तथा खातों की विशेष निगरानी के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित नवीन विशेष

ASSET QUALITY & MANAGEMENT OF NPAS

The Bank accorded topmost priority to the management of Non-Performing Assets (NPAs). "Optimise income & Reduce NPAs" was the theme during the year 2010-11. NPA level management was given priority with focus on reducing NPA level, maximizing cash recovery of NPAs and upgrading the existing NPAs. Despite, slowdown of global economy and its spillover imfact on Indian economy, the Bank was able to manage gross NPAs at reasonable level in comparison to the industry as a whole.

The Bank's Recovery Policy is oriented towards addressing the entire gamut of NPA management and enables the field functionaries to resolve any category of non-performing accounts. The recovery policy sets down the manner of recovery of dues, norms for permitting sacrifice, factors to be taken into account while considering waiver/ write-off, delegated powers, outsourcing of recovery, reporting and monitoring etc. The matrix chart being followed while settling the dues, makes the process of recovery non- discriminatory.

